You should have know that my friend, Mr. T. A. Pai and his family members have built a beautiful and glorious campus in Manipal, which is in the South Canara district of the Karnataka State. There is self-help in education. Parents get together, they subscribe ten thousand rupees or fifteen thousand rupees. It earns a lot of foreign exchange also. Similarly, why don't you allow this private effort in the field of education, for instance in the matter of Polytechnics and En-

[Shri O. V. Alagesan]

gineering colleges. Though medical education does not come under your control, this can be done there also. What is the position in Tamil Nadu this year? About 8000 boys applied for entranc into Engineering Colleges and only 1300 are going to get admission. Same is the case for admission into polytechnics. Most of the students are not able to get admission. So, if you can allow private effort in this field, it will be a very desirable thing.

We are talking about vocationalisation in plus 2 stage. Here I want to say something by way of a warning. There are boys who come from families with educational background and there are others who come from families without any educational background. Now there is suspicion in the minds of those pupils whose families are without educational background that by this they will be pushed on to the vocational Stream and that they would not be able to have college education, etc. This suspicion should be banished from their minds by the way in which you implement this plus 2 education.

I would like to say something about the Saraswathi Mahal Library in Tanjore in Tamil Nadu. Steps have been taken to see that this is declared as one of national importance on the modle of Khuda Bakhs Library. I understand that the initial hurdles have been cleared. There is a lot of valuable manuscripts in all languages and there are very rare manuscripts of even those languages which have gone out of existence. So, it remains for the Minister to bring forward legislation. I do not know whether he will have time to bring forward the legislation in this session itself. I would request the hon. Minister to bring forward legislation for declaring this very valuable institution as one of national importance, if not in this session, at least in next session. I hope you will soon bring forward a Bill and see that this library is declared as one of national importance.

श्रीमती मृणाल गोरे (बम्बई उत्तर) : उपाध्यक्ष महोदय, इस विषय पर बोलते हुए सबसे पहले हमें यह देखना चाहिये कि शिक्षा का उद्देश्य क्या है ? मैं समझती हूं कि पहले की सरकार और शायद यह सरकार भी यह कहेगी कि अगर इस देश में आर्थिक प्रगति और सामाजिक परिवर्तन लाना है, तो इन दोनों दृष्टियों से शिक्षा का प्रसार करना बहुत ही आवश्यक है । मैं यह भी कहूंगी कि ड्राफ्ट थर्ड फ़ाइव ईयर प्लान में जो उद्देश्य करके उन्होंने बताया था :

"It has been specially mentioned that to bring about rapid economic and technological progress and create a social system based on human freedom and social justice and equal opportunities, the development of education is of utmost necessity."

तो इस दृष्टि से इस देश में शिक्षा का फैलाव होना चाहिए । यह एक बार अगर हम स्वीकार कर लेते हैं तो हम लोगों को जरूर विचार करना चाहिये कि किस हद तक वह उद्देश्य हम पूरा कर सके हैं । गये पिछले 20 साल में जो पहले शिक्षा के ऊपर कुल बजट का 1.2 परसेंट खर्च होता रहा आज वह 3.3 परसेंट हो गया है । लेकिन 1950 से 1975 तक प्राथमिक शिक्षा पाने वाले विद्यार्थियों की संख्या तिगुनी हो गई, माध्यमिक शिक्षा पाने वालों की 5 गुनी, उच्च माध्यमिक शिक्षा पाने वालों की 7 गुनी और कालेजों में संख्या 10 गुनी हो गई है । तो 1950 में अलग अलग स्तरों पर शिक्षा पाने वाले जो विद्यार्थी थे इनमें कितनी बढ़ोत्तरी हो गई है अगर यह देखा जाये तो पता लगेगा कि जिस तरह प्राथमिक शिक्षा पर हमें ध्यान देना चाहिये था वह नहीं दिया गया है । अगर उस वक्त प्राथमिक शिक्षा के लिये कुल शिक्षा बजट का 32 परसेंट खर्च होता था तो वह आज घटकर 20 परसेंट रह गया है । यह आंकड़े 1950–51 से 1965–66 के हैं । तो 15 साल में प्राथमिक शिक्षा

के ऊपर होने वाले खर्च में कटौती हुई है। 32 परसेंट से 20 परसेंट पर आ गये हैं। माध्यमिक और उच्च माध्यमिक शिक्षा पर 15 से 20 परसेंट तक बढ़ोत्तरी हुई है। इससे पता लगता है कि 15, 20 साल में माध्यमिक शिक्षा, उच्च माध्यमिक शिक्षा और कालेज की शिक्षा पर ज्यादा ध्यान दिया गया और प्राथमिक शिक्षा की तरफ़ जो ध्यान देना चाहिये था वह नहीं दिया गया और इसीलिये हम देख रहे हैं कि प्राथमिक शिक्षा जो सभी स्तरों पर पहुंचनी चाहिये वह हमारी कल्पना पूरी नहीं हुई है।

प्राथमिक शिक्षा में आज भी जितने 6 से 11 साल के बच्चे हैं उनमें से 75 प्रतिशत लड़के जो स्कूल में जाते हैं रजिस्टर पर हैं उनमें से 60 प्रतिशत के करीब असल में क्लास में रहते हैं, बाकी सब बच्चे आज भी स्कूल के बाहर हैं। और 11 से 14 साल के बच्चे, दो तिहाई बच्चे आज स्कूल के बाहर हैं। जो छोटी उम्र के बच्चे स्कूल के बाहर रहते हैं वह कौन हैं। यह आप की ही 1976–77 की जो रिपोर्ट है उसके पेज 173 पर लिखा हुआ है :

"The bulk of the children now out of school consist of girls, children of the scheduled castes and tribes and the children of the weaker sections like landless labour."

यह सब जानते हैं और शिक्षा मंत्रालय भी यह कबूल करता है कि जो बच्चे बाहर रहते हैं, खासकर देहातों की लड़कियां, पिछड़े हुए समाज के लड़के-लड़कियां और लैंडलैस लेबरर्स यानी खेतिहर मजदूरों के बच्चे, ये सब स्कूलों में नहीं जाते हैं। ये हजारों साल से शिक्षा से वंचित रहे है, और इस वर्ग के लिये शिक्षा देने में हम असमर्थ रहे हैं, यशस्वी नहीं हुए हैं। मैं समझती हूं कि यह सबसे बड़ी कमी शिक्षा मंत्रालय की है और इसको हम कैसे पूरा करें, यह हमें देखना बहुत जरूरी है।]

मैं यह भी कहूं कि जो प्रौढ़ शिक्षा हमें देनी है, इस देश की आबादी को पूरी तरह से शिक्षित करने का जो काम हमको करना चाहिये था, हम पिछले 30 सालों में इसको पूरा नहीं कर सके हैं। हमें देखना है कि अडल्ट एजूकेशन में हम कितना बढ़ावा कर सके हैं। सन् 1951 से 1971 तक साक्षरता को हम 16.6 से 29.3 तक बढ़ा सके हैं। आज भी बहुत बड़े पैमाने पर लोग निरक्षर हैं। इतना ही नहीं, दुनिया में जितने निरक्षर हैं, उनमें से 50 फीसदी निरक्षर लोगों की संख्या इस देश में है। 40 करोड़ के लगभग लोग इस देश में निरक्षर हैं। उनके लिये हम कुछ नहीं कर सके पिछले 30 साल में।

दूसरी तरफ चीन ने साक्षरता का काम अपने हाथ में लिया और बहुत यशस्वी रूप से निरक्षता का सामना किया और देश को साक्षर करने में सफल हुए। हम लोग कामयाब नहीं हुए हैं। हमने इस प्रकार की दृष्टि नहीं रखी है। ऐसा लगता है कि हमारी दृष्टि हमेशा ऊपर के मध्यम वर्ग के बच्चों को शिक्षा किस प्रकार से दी जाये, इस पर ज्यादा रही। इसी कारण, जैसा कि अभी बताया गया है, माध्यमिक शिक्षा कालेज की शिक्षा और उसके आगे की भी जो शिक्षा है, उस पर ज्यादा खर्चा हो, इसकी तरफ ज्यादा ध्यान रहा और निरक्षरता दूर करने के बारे में बहुत कम ध्यान दिया गया। मैं यह समझती हूं कि इस मंत्रालय को बहुत गहराई से इस पर सोचना चाहिये।

आज तक यही होता आया है कि जो अच्छी आर्थिक स्थिति में हैं, वह अपने बच्चों को आक्सफोर्ड और कैम्बरिज स्कूलों में भेजते रहे। इन लोगों के बच्चे अंगेजी माध्यम के स्कूलों में जाते रहे और उसके जरिये वे फिर आई० आई० टी० और आई० आई० एम० में पहुंचते रहे। इन इंस्टीट्यूट्स में अंगेजी माध्यम से पढ़ने वाले लड़के ही जाते हैं। यहां

[श्रीमती मृणाल गोरे]

एक ऐसा सिलसिला बन गया है कि अच्छे वर्ग के लोगों के बच्चे पहले अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में जायेंगें, वहां से इन इंस्टीट्यूट्स में जायेंगे और इनके जरिये फिर अच्छी नौकरी और अच्छा मार्ग प्राप्त करने में उनका साधन बन जाता है । हम देख रहे हैं कि 70 फीसदी लोग, जो गरीबी की सीमा रेखा से भी नीचे हैं, उनको प्राथमिक शिक्षा देने का भी हम इंतजाम नहीं कर पाये, हमें इस बारे में गहराई से सोचना चाहिये ।

मुझे याद, है, कुछ दिन पहले मैंने अखबार में पढ़ा था, हमारे मंत्री महोदय ने एक जगह कर दिया था कि पबलिक स्कूलों से जो लड़के पढ़कर आते हैं, वह बहुत होशियार होते हैं और समाज के लिये उपयोगी हो जाते हैं । मैं यह कहना चाहूंगी कि आखिर पब्लिक स्कूलों में कौन जाते हैं ? अगर हम यह कहते है कि हमारी शिक्षा का उद्देश्य सामाजिक परिवर्तन लाना है, स्वतंत्रता और सामाजिक समता के आधार पर समाज रचना करना हमारी शिक्षा का उद्देश्य हैं, और इस उद्देश्य को पूरा करना है, तो इन पब्लिक स्कलों को रद्द करना पड़गा, ये पब्लिक स्कूल नहीं चल सकते । हमारे स्कूल ऐसे होने चाहिएं, जो समानता की शिक्षा दे सकें । अगर हम अपने बच्चों में समाजिक न्याय और देशभक्ति की भावना पैदा करना चाहते हैं, जिस की आज हम बहुत कमी महसूस कर रहे हैं, तो फिर हमारे लिए प्राथमिक शिक्षा पर जोर देना बहुत जरूरी है । और प्राथमिक शिक्षा समान प्रकार के स्कूलों के द्वारा दी जाये, ताकि हमारे बच्चों के जीवन की बुनियाद अच्छी पड़ सके, और जो गुण हम इन में लाना चाहते है, उन्हें लाने में हम सफल हो सकें ।

अगर हम अपनी शिक्षा के जरिये यह कार्य कर पाते, तो आज जो चित्र हम देख रहे हैं, वह हमारे सामने न होता । अगर हमारी शिक्षा का उद्देश्य यह था कि समाज में व्याप्त विभिन्न प्रकार के भेद-भावों और खाइयों को समाप्त किया जाये, तो जैसे जैसे हम लोगों को शिक्षा देने की कोशिश करते है, वैसे वैसे यह खाई कम होनी चाहिए थी, लेकिन आज हम देख रहे हैं कि शिक्षितों और अशिक्षितों में, तथा-कथित बड़ी जाति वालों और नीची जाति वालों में और आर्थिक दृष्टि में समृद्ध लोगों तथा गरीबी की सीमा-रेखा से नीचे के लोगों में भेदभाव बढ रहा है, कम नहीं हो रहा है ।

आज हम देख रहे हैं कि गांवों में भी बहुत से कालेज खुल गये हैं । महाराष्ट्र में जो शुगर लाबी है, उस के बहुत कालेज खुल गये हैं । कालेज की जरूरत हो या न हो, लेकिन फिर भी कालेज खुल जाते हैं । कहीं दादा का कालेज चलता है और कहीं बापू का कालेज चलता है । महाराष्ट्र में यह सिलसिला बहत चल रहा है । हम नये नये कालेज खोलने पर जोर दे रहे हैं, लेकिन उससे शिक्षा का सवाल हल नहीं होगा ।

श्री वसन्त साठे (अकोला) : एक ताई का भी कालेज है ।

श्रीमती मृणाल गोरे : उसके बारे में माननीय सदस्य को ज्यादा मालूम होगा । विदर्भ में है ताई का कालेज ।

शिक्षा का सही उद्देश्य पूरा करने में हम बिल्कुल असमर्थ रहे हैं । शिक्षा के बारे में विचार करने के लिए काफ़ी कमीशन और कमेटियां बैठ चुकी हैं । शायद कोई कहे कि 10+2+3 फार्मूले और सिलेबस पर विचार करने के लिए एक कमेटी बिठाई जाये । लेकिन मैं कहूंगी कि अब हम लोगों को कुछ काम करना चाहिए । 1948–49 में राधाकृष्णन कमीशन बैठा, 1951 में खैर कमीशन बैठा, फिर कोठारी कमीशन बैठा । सभी कमीशनों ने अपनी अपनी-अपनी रिपोर्ट दी–किसी ने उच्च माध्यमिक शिक्षा के बारे में , किसी ने प्राथमिक शिक्षा

के बारे में, और कोठारी कमीशन ने सम्पूर्ण शिक्षा के बारे में रिपोर्ट दी । विचार तो हम बहुत करते रहे, लेकिन व्यवहार में हम कुछ नहीं कर सके हैं । और इसलिए आज जरूरत इस बात की है कि जो बातें हम कहते रहे हैं, उन्हें व्यवहार में लाया जाये ।

10+2+3 फार्मूले के पीछे मूल कल्पना यह थी कि सभी बच्चे केवल कालेज को शिक्षा की तरफ न जायें, बल्कि वोकेशनल कोर्सिज शुरू किय जायें, जिन के जरिये प्राथमिक ज्ञान प्राप्त करने के बाद बच्चा अपने जीवन का उपयुक्त मार्ग ढूंढ सके । मुझे याद है कि 1974 में महाराष्ट्र में डा० ए० यू० शेख की अध्यक्षता मे जो कमेटी मुकर्रर हुई थी, उस ने अपनी रिपोर्ट में कहा था कि इस फार्मूले के बाद 139 वोकेशनल कोर्सिज शुरू किये जायेंगे । वन विभाग के पास स्कूल रहेगा तो वन विभाग में जो चीजें मिलती हैं उस के ऊपर कौन सा उद्योग धन्धा चला सकते हैं यह देखना होगा और उस उद्योग धन्धे को चलाने के लिए कौन सी वोकेशनल ट्रेनिंग देनी पड़ेगी यह समझ कर उस प्रकार की ट्रेनिंग का प्रबन्ध करना पड़ेगा । अगर कोस्ट लाइन है तो फिशरीज को लेकर कोशिश करनी होगी । इस तरह से 139 अलग अलग कोर्सिज दिए हुए हैं । लेकिन जब 10 प्लस 2 प्लस 3 का फारमूला महाराष्ट्र में शुरू हुआ और अमल में आया तो मैं समझती हूं पांच भी ऐसें कोर्सिज शुरू नहीं हुए । सिर्फ दिखाने के लिए बड़ी सी रिपोर्ट पेश कर दी और यह बता दिया कागज पर कि बहुत बड़े पैमाने पर हम यह करने जा रहे हैं, वह करने जा रहे है, जब कि असल में किया कुछ भी नहीं । 10 प्लस 2 का फरमूला लाए लेकिन उस की जो मूलभूत कल्पना थी उस को हम ने छोड़ दिया और इसीलिए आज यह सवाल उपस्थित हो गया है कि आखिर इस 10 प्लस 2 के फारमूले से स्कूल से जो लोग विद्यार्थी बाहर निकलेंगे उन के लिए हम ने क्या रास्ता खोल रखा है । इसलिए मैं यह कहूंगी कि आज जब हम लोग माध्यमिक शिक्षा के ऊपर विचार करेंगे तो हमें उन की जीविका के लिए भी सोचना होगा, आगे किस प्रकार का रोजगार हम उन्हें दे सकते है इस का भी विचार करना होगा ।

इसीलिए जैसा मैं अभी बता रही थी रीजनल प्लानिंग जब होगी, तो जो योजना इस पूरे विभाग की होगी वह इस प्रकार की योजना से जुड़ी हुई होगी जिस में उन्हें रोजगार मिल सकता है । इस प्रकार से उन्हे रोजगार देने की योजना जब होगी और वह रोजगार लेने के लिए वे तैयार हों, ऐसे स्नातक तैयार करने के लिए विद्यालय की शिक्षा होगी, इस प्रकार की प्लानिंग की हमारी दृष्टि रही तो यह सवाल हल हो सकता है । वरना एक तरफ सुशिक्षित बेरोजगारों की सेना खड़ी रहेगी जो आज भी है और अभी परसों हम ने यह पढ़ा, सिक्सथ प्लान बनाने के लिए जो प्लानिंग कमीशन की मीटिंग हुई उसमें यह चीज आई कि दो करोड़ से ऊपर बेरोजगार आज हैं, इस प्रकार के आंकड़े उन्होंने दिए । बेरोजगारों की इतनी बड़ी संख्या के लिए जब तक हम कोई मार्ग ओपेन नहीं करेंगे तब तक सिर्फ 10 प्लस 2 का पैटर्न ला कर या कोई और पैटर्न लाकर इस सवाल को हम हल नही कर पाएंगे । इसीलिए मैं तो यह कहूंगी कि हम लोगों को उच्च शिक्षा की तरफ देखते हुए भी इन सब बातों को ध्यान में रखना होगा ।

शिक्षा मंत्रालय की ओर से इंडियन कौंसिल आफ हिस्टारिकल रिसर्च, इंडियन कौंसिल आफ सोशल साइन्स रिसर्च, नेशनल कौंसिल आफ एजूकेशनल रिसर्च एण्ड ट्रेनिंग और नेशनल बुक ट्रस्ट की संस्थाएं चल रही हैं । अभी चार दिन पहले काल पात्र या टाइम कैपसूल की बात आई । ऐसा कहा जाता है कि जो नोट उस टाइम कैपसूल में रखा गया था वह शिक्षा विभाग के काउंसिल आफ हिस्टारिकल रिसर्च ने तैयार कि

[श्रीमती मृणाल गोरे]

था। अगर इस प्रकार का काम काउंसिल आफ हिस्टारिकल रिसर्च से होता है तो मंत्री महोदय को इससे बहुत ही खबरदार रहना होगा। मैं जानती हूं कि डा० ताराचन्द के जो हिस्ट्री के वाल्यूम आये हैं उनमें भी काफी कमियां हैं। काफी लोगों के नाम छोड़ दिये गये हैं। तो यह सब देखना बहुत जरूरी है क्योंकि इतिहास एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें किसी तरीके से भी किसी प्रकार की कोई कमी हमारी तरफ में नहीं रहनी चाहिए। इसीलिए यह जो काउंसिल्स और रिसर्च सेन्टर चल रहे हैं इनका कामकाज ठीक चल रहा है या नहीं इसको देखना बहुत जरूरी है। मुझे लगता है कि पिछले 30 सालों में जितना ध्यान इन पर देना चाहिए था वह नहीं दिया गया है। इसीलिए मंत्री महोदय को यह काम भी करना है।

अब मैं यह कहूंगी कि कालेजेज में हम कहते हैं कि नेशनल इंटीग्रेशन का काम हमें शिक्षा के जरिये करना है। इसके लिए एन० एस० एस० का कार्यक्रम लाया जाये जिसमें यूथ अगेंस्ट पवर्टी और यूथ अगेन्स्ट डर्ट आदि के कार्यक्रम लिये गये हैं। मैं तो यह कहूंगी कि इस साल एन०एस०एस० के लिए कुछ कार्यक्रम लेना है तो यूथ अगेंस्ट सोशल डिस्क्रिमिनेशन लें। हम अपने युवकों को जगह जगह भेज दें और उनसे यह कहें जिस गांव में आज भी एक कुंएं पर सब लोग पानी नहीं भर सकते हैं वहां एक ही कुंआ सारे गांव के लिए रहेगा जिसको हम लोग मराठी में कहते हैं : एक गांव एक पाणवठा—एक गांव, एक कुंआ, इस चीज को कार्यान्वित करें। इस प्रकार की कोई योजना बना कर उन को इस काम में लगाते हैं तब कुछ हो सकेगा। मैं इस बात को जानती हूं कि बहुत जगहों पर यह काम ठीक से नहीं चल रहा है। जिन कालिजिज में टीचर्स इस काम में रस ले कर स्वयं उस को कराते हैं, वहां तो अच्छे ढंग से चल रहा है, लेकिन ऐसे बहुत से कालिजिज हैं जहां एन०एस०एस० के नाम पर बस में बैठ कर ट्रिप पर जाने का काम होता है, दूसरा कोई काम नहीं होता है।

नेशनल इंटीग्रेशन के लिये, एकता की भावना के निर्माण के लिये बहुत जरूरी है कि हम एक-दूसरे की भाषा को सीखें। हम अंग्रेजी सीखने के लिये तो तैयार हैं, लेकिन अपने देश की दूसरी भाषा सीखने के लिये तैयार नहीं हैं। यदि सही रूप में इस देश को एक बनाना है तो बहुत जरूरी है कि हम एक-दूसरे की भाषा को सीखने की कोशिश करें। मैं जानती हूं आप के मंत्रालय की तरफ से कुछ टीचर्स हैं जो भाषा सिखाने का काम करते हैं। मैं एक सुझाव देना चाहती हूं—जब वेकेशन होती है तो बच्चों के लिये 6 हफ्ते का कोर्स भाषा सिखाने का कोर्स रखना चाहिये। दिल्ली में तो शायद 3 महीने के लगभग छुट्टी होती है, वहां पर आप दो महीने का कोर्स रख सकते हैं। इस कोर्स में देश की दूसरी भाषाओं के सिखाने की व्यवस्था हो और उस के बाद बच्चों को उन राज्यों में भेजा जाय जहां की भाषा का प्रशिक्षण उन को दिया गया है। उनको वहां होस्टल्ज में न रखा जाय, बल्कि फैमिलीज में रखने की व्यवस्था करें, जिस से कि उन को भाषा का व्यावहारिक ज्ञान हो सके।

हमारे यहां पूना में पूज्य साने गुरुजी की संस्था—"अन्तभरितीय" इस प्रकार का प्रयोग कर रही है। उन का यह प्रयोग बहुत सफलतापूर्वक चल रहा है—क्यों न आप अन्तभरितीय के द्वारा न केवल महाराष्ट्र में, बल्कि पूरे देश में इस प्रकार का प्रयोग करें, जिस से देश में एकात्मता बढ़ाने में मदद मिले।

आज हम देख रहे हैं कि विद्यार्थियों के मन में बहुत असन्तोष है। हम रोज पढ़ते हैं कि जगह-जगह पर स्ट्राइक्स हो रही हैं;

घेराव हो रहे हैं, यूनीवर्सिटीज के वाइस-चान्सलर का घेराव हो रहा है—इस से हम काफ़ी परेशान हो जाते हैं। मैं तो नहीं बल्कि कई लोग परेशान हो जाते हैं। मैं यह कहना चाहूंगी कि विद्यार्थियों की जो तकलीफ़ है उस को देखने की व्यवस्था होनी चाहिये। मंत्रालय को इस दृष्टि से नहीं देखना चाहिये कि जो स्ट्राइक करता हैं उस से बात नहीं करेंगे। उन की जो तकलीफ़ है उस को समझने के लिये उन को बुला कर उन से बात करनी चाहिये और उन की दिक्कतों को दूर करने का प्रयास होना चाहिये।

मिसाल के तौर पर दिल्ली में एक "इंस्टीट्यूट आफ़ फिजिकल हैण्डीकैप्ड" है, उस के विद्यार्थियों का डेढ़ महीने से लगातार अनशन चल रहा है। मैं जानना चाहती हूं कि मंत्रालय इस तरफ़ क्यों नहीं देख रहा है? मंत्रालय को इस मामले को निपटाने का प्रयास करना चाहिये।

विद्यार्थियों में असन्तोष का एक दूसरा कारण यह है कि यूनीवर्सिटीज में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार फैल गया है। यह भ्रष्टाचार किस हद तक पहुंच चुका है उस को बताने के लिये इस समय मेरे पास समय की कमी है। मैं यह कहना चाहती हूं—बम्बई यूनीवर्सिटी के बारे में हम आज तक यह समझते रहे कि यह देश की उच्च कोटि की यूनिवर्सिटी है, लेकिन उस के बारे में कुछ ऐसी बातें हमें मालूम हुई हैं, जिन की चान्सलर के पास शिकायतें भी हम करते आये हैं। पिछले दिनों उसी के आधार पर डा० वी०एस० झा की अध्यक्षता में एक कमेटी भी बैठाई गई थी। लेकिन हर यूनिवर्सिटी में इस प्रकार की बातें आज चल रही है। ऐसी स्थिति में किसी भी विद्यार्थी के मन में यह विश्वास कैसे रहेगा कि वह मेहनत करे, सही रूप से पढ़ाई करे, उस मेहनत का उस को सही फल मिलेगा। आज यह हो रहा है कि जिस के पास पैसा है, 15 हजार रुपया देने से इन्टरसायंस में फर्स्ट क्लास मिल जायेगा। और फर्स्ट क्लास मिलेगा तो उसको मेडिकल में एडमिशन मिलेगा, अगर यही सिलसिला चलता रहा तो कोई भी विद्यार्थी मन से मेहनत नहीं करेगा, ज्ञान प्राप्त नहीं करेगा। शिक्षा एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें भ्रष्टाचार नहीं होना चाहिए। अगर कोई विद्यार्थी बीस-तीस हजार रुपये देकर फर्स्ट क्लास ले ले और बाद में उसे इंजीनियरिंग में एडमिशन भी मिल जाए तो जब वह इंजीनियर बन कर निकलेगा तो कैसा इंजीनियर बन कर निकलेगा। बम्बई में उरण से समद्र में जो पुल बनने वाला है, उस पुल को ऐसे इंजीनियर बनायेंगे तो किस प्रकार का पुल बनेगा इसकी हम कल्पना कर सकते हैं। इसीलिए मैं चाहूंगी कि हमारे मंत्री जी इस ओर ध्यान दें कि शिक्षा में इस प्रकार का भ्रष्टाचार न चले। जहां कहीं भी वे इस प्रकार का भ्रष्टाचार पायें या भ्रष्टाचार की उन्हें शिकायतें की मिलें वे उसे दूर करें और भ्रष्टाचार करने वाले को सख्त से सख्त सजा दें।

महिलाओं की शिक्षा की तरफ भी हमने ध्यान नहीं दिया है। प्राइमरी स्टेज से ऊपर बड़े पैमाने पर हमें महिलाओं को शिक्षित करना है। जब तक हम महिलाओं को शिक्षित नहीं करते तब तक बच्चों में जो संस्कार हम बचपन में ही डालना चाहते हैं वे उनमें नहीं आ पायेंगे। इस सम्बन्ध में कहा जाता है कि हमने इतने स्कूल और संस्थाएं महिलाओं के लिए खोल दिये हैं। लेकिन इन संस्थाओं का तब तक उपयोग नहीं होगा जब तक हम लड़कियों की शिक्षा का प्रबंध न करें। इसके अलावा हमें यह भी देखना चाहिए कि जो शिक्षित महिलाएं हैं उन के ऊपर भी शिक्षित होने के बाद आपत्तियां आ जाती हैं। ऐसी महिलाओं को अपनी जीविका चलाने के लिए मदद दी जाये और ऐसे रास्ते खोले रखे जाएं जिससे महिलाओं में यह भावना पैदा हो कि शिक्षा

[श्रीमती मृणाल गोरे]

लेने के बाद उनको रोजगार मिल जाएगा । यह रोजगार आज नहीं मिलता है इसीलिए वे शिक्षा की तरफ नहीं जाती हैं । इसलिए मैं चाहूंगी कि मंत्री महोदय इस तरफ ध्यान दें और सोशल वेल्फेयर में उनके लिए कुछ करें । मैं इस विषय में और भी कहना चाहती थी लेकिन समय नहीं रहा, इसलिए आप का धन्यवाद ।

श्री भगत राम (फिल्लौर) : आदरणीय स्पीकर साहब, हमारा शिक्षा प्रबंध अति गंभीर संकट का शिकार हो चुका है । इसकी पूरी जिम्मेदारी कांग्रेस सरकार की है जिस ने पिछले तीस सालों में भारत को पूंजीवादी विकास के रास्ते पर चलाया और हर क्षेत्र में भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया । खास कर के आपात स्थिति के दौरान शिक्षण संस्थाओं की रही सही पवित्रता को भी भंग किया गया । हर तरफ से हमारे शिक्षा प्रबंध मे दखलंदाजी करके उसे अपने वर्ग स्वार्थों के लिए बड़ी तीव्र गति से इस्तेमाल किया गया ।

यह जान कर हर एक को बड़ी हैरानी तथा दुःख होता है कि पिछले तीससाल जिन लोगों का सेंटर तथा राज्य सरकारों मे बोलबाला रहा है उन्होंने शिक्षा सुधार के पक्ष में ढेरों के ढेर पुस्तकों के लिखे हैं परन्तु यह विषय आज भी इतना गुंझलदार बना हुआ है कि स्पष्ट नहीं हो पाया और ज्यों का त्यों तिरस्कृत पड़ा है । हमारे शिक्षा प्रबंध का आज भी मुख्य उद्देश्य अंग्रजों के जमाने की तरह सस्ते मजदूर और निम्न दर्जे के क्लर्क पैदा करना है । शिक्षा का पाठयक्रम, प्रबंध, परीक्षा आदि के बारे में जो भी सुधार पेश किये या नये तजुर्बे पेश किये गये सभी फेल हो गये । बहुत से आर्थिक उपाय और अपन्न फिजूल साबित हुए । इसका बुनियादी कारण है कि पिछले तीस साल के दौरान जो भी शिक्षा सुधार प्रोपोज किये गये और अमल में लाये गये वे नौकर-शाही ढंग से किये गये । अध्यापकों और छात्रों को न ही कोई योजना बनाते समय और न ही लागू करते समय साथ लिया जाना है । योजना की असफलता का मूल मुद्दा यही है । इसलिए सारे ही शिक्षण प्रबंध को हमें प्रजातंत्रात्मक बनाना होगा । अध्यापकों तथा छात्रों की यूनियनों का साथ लिए बगैर न पहले कोई अच्छा परिणाम निकला है और न आगे निकलेगा । इसलिए जरूरी है कि शिक्षण के प्रबंध में नौकरशाही की पहुंच तुरन्त ही बंद कर दी जाये ।

15 hrs.

[SHRI M. SATYANARAYAN RAO *in the Chair*].

मैं आपसे यह कभी आशा नहीं कर सकता कि आप तीस साल की खराबियों को तीन महीने में दूर कर देंगे । परन्तु इन अनुदानों की मांगों से अच्छे भविष्य की दिशा जरूर मिलनी चाहिये । आपने अपने जनता पार्टी के मेनीफेस्टों में भी शिक्षा में क्रांतिकारी सुधार लाने की बात की है । परन्तु अफसोस है कि हमें ऐसी कोई भी झलक नजर नहीं आती । 1976–77 में शिक्षा पर कुल बजट का 1.19 प्रतिशत रखा गया था तो 1977–78 के बजट में कुल बजट का सिर्फ 1.15 प्रतिशत ही रखा गया है । इस तरह 0.04 प्रतिशत की कमी कर दी गयी है । शिक्षा मंत्री को कैबिनेट स्तर का दर्जा देकर सरकार ने अच्छा काम किया है परन्तु बजट में शिक्षा पर खर्च कम से कम 10–12 प्रतिशत होना चाहिए । 10 प्रतिशत के लिए तो केन्द्रीय सलाहकार शिक्षा बोर्ड भी प्रस्ताव पास कर चुका है ।

शिक्षा सरकार की ही एक मात्र जिम्मेदारी होनी चाहिए । स्टाफ समेत सभी प्राइवेट इदारों का राष्ट्रीयकरण तुरन्त ही करने की आवश्यकता है । प्राइवेट मैनेजमेंटों

ने शिक्षा संस्थाओं को अपनी दुकानें समझ रखा है और भ्रष्टाचार के गढ़ बना दिये हैं। वे छात्रों और अध्यापकों के साथ मनमाने ढंग से व्यवहार करते हैं। यह संस्थायें तंग फिरकापरस्ती, अस्वस्थ राजनैतिक स्वार्थ के लिए प्रसिद्ध हैं। छात्रों को अपनी कुत्सित जरूरतों के अनुसार ढालने की कोशिश करते हैं। इसलिए यह कौम के लिए अति घातक और हानिकारक हैं।

यह पब्लिक तथाकथित माडल स्कूल धनी वर्ग के लिए खोले गये हैं। ये स्कूल हमारे देश में भिन्न स्टैंडर्ड और भिन्न प्रकार का उच्च वर्ग पैदा कर रहे हैं। यह हमारे देश के लिए एक बड़ी लानत है और कलंक है। आई०ए०एस०; आई०पी०एस०, आई० एफ० एस० आदि उच्च स्तर की सर्विसेज में इन्हीं स्कूलों के पढ़े हुए आम तौर पर आते है। क्या शिक्षा मंत्री बतायेंगे कि इन स्कूलों मे से पढ़े हुए उच्च स्तर के अफसरों की कितनी प्रतिशत है और आय स्कूलों से पढ़े हुए अफसरों की कितनी है? ये पब्लिक तथा माडल स्कूल आजाद भारत के नाम पर कलंक के धब्बे हैं। क्या आप इन धब्बों को मिटाने की हिम्मत रखते हैं? यदि रखते हैं तो आप आज ही इन को बंद करने की घोषणा कीजिये। नहीं तो यह समझा जायेगा कि शिक्षा के बराबर का मौका प्रदान करने की बातें करके आप भी कांग्रेस की तरह ढोंग कर रहे हैं।

असली शिक्षा से हम उसी को कह सकते हैं जो व्यक्ति को रोटी-रोजी, कपड़ा कमाने के योग्य बनाये। इस बात का पता कांग्रेस वालों को भी था और पता आपको भी है। परन्तु जानबूझकर पिछले तीस वर्षों में इस तरफ ठोस कदम नहीं उठाए गए। शिक्षा की अनुदानों की मांगों से ऐसा लगता है कि नयी सरकार भी बातों के बिना कुछ नहीं करना चाहती। यदि ऐसा न होता तो वोकेशनलाइजेशन के लिए सिर्फ 20 लाख रुपये रख कर ननसीरियसनैस व दिखाई गई होती। मुझे कृपा करके यह बताने की कोशिश करें कि इतनी रकम से कितने छात्रों को रोजगार की शिक्षा मिलेगी। यदि आप गंभीर हैं तो आपको इस मद में कई गुणा ज्यादा रकम बढ़ानी होगी। साथ ही पहली स्टेज में कम से कम रोजगार प्राप्त छात्रों को काम की गारंटी देनी होगी।

पिछले तीस सालों में 6–11 वर्ष की आयु–ग्रुप के बच्चों के लिए सारे भारत में कागजी कार्यवाही के बिना सार्वभौम, अनिवार्य और निशुल्क शिक्षा प्रदान नहीं की जा सकती। प्रथम कक्षा में दाखिल होने वाले हरेक सौ बच्चों में से 40 से अधिक पांचवीं कक्षा तक और 25 से अधिक आठवीं कक्षा तक नहीं पहुंचते। स्कूल छोड़ने वालों में या स्कूल में दाखिल न होने वालों में से लगभग 90 प्रतिशत बच्चे गरीब, बेजमीने हरिजन मां-बाप के होते हैं। 70 प्रतिशत से अधिक हमारे देश की जनसंख्या गरीबी रेखा से नीचे रह रही है। इसलिए वे अपने बच्चों को पढ़ा नहीं सकते। इसलिए यह जरूरी है कि गरीब बच्चों को पुस्तकें, स्टेशनरी, भोजन, कपड़े आदि जरूरी वस्तुयें मुफ्त दीजिये। साथ ही प्रौढ़ शिक्षा को प्राथमिकता दीजिये। इस समस्या को हम तब तक बुनियादी तौर पर हल नहीं कर सकते जब तक कि देश में जमीन का मसला हल नहीं हो जाता। जागीरदारों की सारी जमीन छीन कर बेजमीन खेत-मजदूरों और छोटे किसानों में बांटनी होगी तभी गरीबी दूर हो सकती है और स्कूल छोड़ने वालों की संख्या कम हो सकती है। इस मद में भी पैसे का प्रबंध बहत कम किया गया है। इसको और बढ़ाना चाहिए।

पिछली सरकार ने शिक्षा में कथित क्रांतिकारी तबदीली लाने के लिए एक 10+2+3 की स्कीम पेश की और इसे कई प्रांतों में लागू की गई है और बाकियों में लागू करने की योजना थी जो अब प्रांतों पर छोड़ दी गई है। वास्तव में यह स्कीम

[श्री भगत राम]

भारत की पीड़ित जनता के साथ खिलवाड़ था तथा एक बड़ा धोखा था । इस स्कीम का मुख्य मकसद ग्राम लोगों के बच्चों पर कालिज में प्रवेश पाने के लिए पाबंदी लगाना और शिक्षित लोगों की बेरोजगारी को एक साल और आगे पाने की साजिश है । यदि आप इस स्कीम को काम पाने के अधिकार के साथ जोड़ नहीं सकते तो आपको इस नाम पर शिक्षा को एक साल बढ़ाने और कालिजों में प्रवेश पर पाबंदी लगा कर धोखा करने का कोई अधिकार नहीं। मैं मंत्री महोदय से अपील करूंगा कि इस धोखे भरी स्कीम को तुरन्त ही बंद करके देश के लाखों छात्रों तथा उनके मां-बाप के साथ न्याय किया जाये ।

शिक्षा का माध्यम हर स्तर पर मातृभाषा हो । अंग्रेजी को अनिवार्य के स्थान पर सिर्फ ऐच्छिक विषय ही रखा जाय । देश के कोने-कोने में शिक्षण संस्थाओं में दाखिला रोका जा रहा है और यूनियन में काम करने वाले या राजनैतिक मतभेद रखने वाले लड़कों की ब्लैक-लिस्टें बनाई जा रही हैं । इनको समाप्त करना चाहिए ।

आपाकालीन स्थिति के दौरान बढ़ी हुई फीसों को कम कर दिया जाय और गरीब बच्चों की तो माफ ही कर दी जाये ।

यू०पी० में हरिजन होस्टलों की दशा बहुत ही दयनीय है इसकी तरफ ध्यान दीजिये । हरिजन छात्रों की छात्रवृत्तियां भी कम है । बढ़ी हुई महंगाई के अनुसार उसे बढ़ाने के लिये अधिक धन रखिये ।

यू०जी०सी० कालेजों के विकास के लिये 5 लाख रुपये अनुदान उन लड़कों या लड़कियों के कालेजों को देता है जिनकी बी०ए० कक्षाओं की छात्र संख्या क्रमश: 300, 400 हो । यह अनुदान कालेज की कुल छात्र संख्या 300 पर देना चाहिये । लड़कियों के कालेजों की हालत में इस संख्या को और कम किया जाये । इस से ग्रामीण कालेज बहुत प्रभावित हो रहे हैं ।

प्राइमरी तथा सेकेन्डरी स्कूलों के अध्यापकों तथा दूसरे [illegible]ों के वेतनमान देश के भिन्न भिन्न प्रांतों में भिन्न भिन्न है । कई प्रांतों में तो बहुत ही कम है और उन्होंने कोठारी कमीशन की सिफारिशों को अभी तक लागू नहीं किया । केन्द्रीय शिक्षा कमीशन तथा यू०जी०सी० के नये ग्रेडों को ध्यान में रख कर और अध्यापकों की यूनियनों को विश्वास में ले कर उनके वेतनमान तुरन्त ही बढ़ाने की जरूरत है । इसी तरह यू०जी०सी० ने लाइब्रेरियनों और फिजिक्ल ऐजूकेशन इंस्ट्रक्टरों, डायरेक्टरों के ग्रेड पुनरीक्षित करते समय अन्याय किया है । उनके ग्रेड लैक्चरार के बराबर पहले थे तो अब भी होने चाहियें । प्राइमरी अध्यापक के लिये पदोन्नति के अवसर हमारे वर्तमान शिक्षा प्रबंध में नहीं है । प्राइमरी शिक्षा के प्रबंध के लिये उनमें से ज्यादा से ज्यादा पदोन्नति चाहिये ।

पिछली सरकार ने आपात स्थिति से पहले और उसके दौरान उनकी सेवा शर्तों में बहुत से अध्यापक विरोधी संशोधन किये हैं । वे सब तुरन्त ही खत्म किये जायें । जिनको इस दौरान सजायें मिली हैं उनके साथ न्याय हो । अत्याचारों के लिये कोई भी जिम्मेदार व्यक्ति बचने न पाये । अध्यापकों को राजनीति में भाग लेने की स्वतंत्रता होनी चाहिये ।

शिक्षा के जितने भी इदारे हैं उन सब को प्रजातंत्रात्मक ढंग से चलाने का प्रबंध कीजिये । पिछले तीस सालों में नौकरशाही ने इन संस्थाओं को मनमाने ढंग से चलाया है ।

स्कूल शिक्षा बोर्ड, यूनिवर्सिटी सीनेट और सिंडीकेट, यू०जी०सी० आदि जितनी भी शिक्षा के साथ संबंधित संस्थायें हैं उनको

प्रजातांत्रिक बनाइये । उनमें अध्यापकों और छात्रों के नुमाइंदों का प्रभावी ढंग से बोलबाला होना चाहिये । बहुत सी यूनिवर्सिटीज के वाइस-चांसलरों के विरुद्ध भ्रष्टाचार के आरोप लग चुके हैं । पंजाब के वी०सी० के विरुद्ध सीनेट के मैम्बरों, पार्लियामेंट के मैम्बरों और विधान सभा के मैम्बरों द्वारा भ्रष्टाचार के आरोप लग चुके ह । तथा उसकी इन्क्वायरी की मांग जोर पकड़ती जा रही है, परन्तु वहां के वाइस चांसलर की एक्सटैंशन आगे जारी रखी जा रही है । इसी तरह राजस्थान यूनिवर्सिटी, नेहरू यूनिवर्सिटी, हैदराबाद यूनिवर्सिटी, बनारस यूनिवर्सिटी, कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी आदि के वाइस चांसलरों के विरुद्ध बड़े गम्भीर आरोप लगाए गए हैं, इनकी जल्दी से जल्दी जांच पड़ताल होनी चाहिये ।

मैं अपील करूंगा कि वाइस चांसलर को नौकरशाह बनने से रोकने के लिए उनकी या तो अध्यापकों में से प्रमोशन होनी चाहिये या इस पोस्ट को प्रजातांत्रिक ढंग से चुनाव द्वारा पूर्ति करनी चाहिये ।

क्या मैं आशा करूं कि आप पिछले तीस साल की गंदगी को साफ करेंगे ? साथ ही मैं आपको चेतावनी देता हूं कि यदि आप लोगों से किये हुए वायदे पूरे न कर सके तो जनता आपको कांग्रेस से अधिक और जल्दी सजा देगी ।

श्री जनेश्वर मिश्र (इलाहाबाद) : सभापति जी, वर्तमान शिक्षापद्धति सन् 1947 के पहले ही बांझपन की शिकार हो गई थी और पिछले 30 सालों में बांझपन के साथ-साथ उसे बुढ़ापे का रोग भी लग गया । मैं नहीं जानता कि वर्तमान जनता पार्टी की सरकार इन दोनों रोगों से इसे मुक्त कराने में कहां तक सफल हो पायेगी, लेकिन शिक्षा मंत्री जी ने जो रपट दी है, उसको देखने के बाद, जनता पार्टी के प्रति बहुत आस्था होते हुए भी मेरे मन में थोड़ी निराशा हुई है ।

गांधी जी के नेतृत्व में भी जब आजादी की लड़ाई चल रही थी, तब देश के नौजवानों के सामने यही कहा जाता था कि जब अंग्रेज चले जायेंगे, और हिन्दुस्तान आजाद हो जायेगा, तो तुम्हारी तालीम में आमूल-चूल परिवर्तन कर दिया जायेगा । श्री जय प्रकाश नारायण के नेतृत्व में भी जो कांग्रेस पार्टी के खिलाफ आन्दोलन चले, उस समय भी देश के नौजवानों से यही कहा गया कि शिक्षा पद्धति में आमूल परिवर्तन कर दिया जायेगा ।

यह आमूल परिवर्तन है क्या ? इसे अभी तक न तो वे लड़के, जो आन्दोलनों में हिस्सा लेते रहे, वे समझ पाये और न वे लोग जो उनके बीच में कहते रहे और न वे लोग जो इस समय तालीम चला रहे हैं, वे स्पष्ट हो पाये ? यह हकीकत है ।

पूरी की पूरी रपट पढ़ जाने के बाद भी इसमें यह साफ नहीं हो रहा है कि आज देश में कितने अपढ़ हैं, कितने अध-पढ़ हैं, अध-पढ़ से मतलब आल्हा-ऊदल तक पढ़ लेते हैं और कितने पढ़-अशिक्षित हैं । पढ़-अशिक्षित का मतलब है कि अपने देश की तालीम पिछले 30 साल में किस तरह से विदेशी भाषा के माध्यम से चल रही है और वे विषय की जानकारी से अछूते रहे हैं, हिज्जे और व्याकरण में ही लड़कों और पढ़ने वालों का दिमाग फंसा रह गया । आज भी अंग्रेजी और अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों का देश भर की तालीम में बोलबाला है । लड़का जिसका मन सुकुमार होता है, विदेशी भाषा को पकड़ने में उसका दिमाग बहुत ही दिक्कत महसूस करता है । अक्सर यह कहा जाता है, मुझे याद है, जब कभी भी अंग्रेजी के खिलाफ कुछ कहा गया तो यह बात आई कि जोर से बोलोगे तो देश टूट जायेगा । मुझे याद है, कुछ साल पहले जब

[श्री जनेश्वर मिश्र]

अंग्रेजी के खिलाफ आन्दोलन चला तो उत्तर भारत में यह चर्चा चलने लगी कि अंग्रेजी रह गई तो देश टूट जायेगा और दक्षिण भारत में यह आन्दोलन था कि अंग्रेजी हट गई तो देश टूट जायेगा । इस तरह से देश में अंग्रेजी के नाम पर दो भूत चलाये जा रहे थे ।

लेकिन हकीकत यह है, मैंने कांग्रेस पार्टी के लोगों और दूसरों को भी सुना है, वे अब भी चाहते हैं और जवाहर लाल नेहरू के जमाने से चाहते हैं । मैं चाहता हूं कि जनता पार्टी की सरकार इस बात की खोज करे कि जब हिन्दुस्तान को आजादी मिली क्या उस समय कोई जबानी या लिखित इकरारनामा हुआ कि हिन्दुस्तान में अंग्रेजी अनन्तकाल तक चलती रहेगी ? इसकी खोज होनी चाहिये । क्योंकि यह बहुत शर्मनाक स्थिति है कि 30 साल तक मुल्क आजाद होने के बाद भी हम अपने देश की स्वतंत्र भाषा नहीं बना सके हैं । यह शिक्षा पद्धति की सबसे बड़ी नाकामयाबी रही है ।

जहां तक प्रारम्भिक शिक्षा का सम्बन्ध है, एक तरफ़ फ़ैंसी स्कूल चलते हैं, जिन में बड़े बाप के लड़के पढ़ने जाते हैं । जब हम लोग इस सदन में उस तरफ़ बैठा करते थे तो हमने तत्कालीन शिक्षा मंत्री, डा० वी० के० आर० वी० राव, से यह मांग की थी कि इन फ़ैंसी स्कूलों को तोड़ दिया जाये । उन्होंने जवाब दिया था कि अगर ऐसा किया जायेगा, तो लायक लड़के कहां से आयेंगे । यानी, देहरादून, नैनीताल और ऊटी आदि के स्कूलों में पढ़ने वाले लड़के तो लायक होते है, और दिल्ली तथा ग़ाजियाबाद म्यूनिसिपैलिटी के स्कूलों या मेरठ डिस्ट्रिक्ट बोर्ड के स्कूल में पढ़ने वाले लड़के नालायक होते हैं । सच तो यह है कि लायक और नालायक की लाइन अलग अलग होती है ।

जो लड़का दिल्ली तथा ग़ाजियाबाद की म्यूनिसिपैलीटी या मेरठ डिस्ट्रिक्ट बोर्ड के स्कूल में पढ़ता है, उसे प्राइमरी स्कूल में टाट-पट्टी नहीं दी जाती है, बल्कि वह अपने घर से बोरा लेकर जाता है, और जब वह दिल्ली में नौकरी के लिए आता है, तो वह जामा मस्जिद या चांदनी चौक के आस-पास बोरा होने की नौकरी पाता है—बोरा उसकी तकदीर के साथ हमेशा के लिए जुड़ जाता है ।

देहरादून और ऊटी के स्कूल में पढ़ने वाले लड़के को स्कूल में कुर्सी मिलती है, और जब वह नई दिल्ली में नौकरी के लिए आता है, तो विज्ञान भवन या सेक्रेटेरिएट या साउथ ब्लाक के दफ़्तर में भी उसे कुर्सी मिलती है—कुर्सी उस की तकदीर के साथ चिपक जाती है ।

पुरानी सरकार की तरफ़ से यह दलील दी जाती थी कि अगर अच्छे लड़कों के लिए अलग स्कूल नहीं रखे जायेंगे, तो दूसरे लडकों के साथ मिल कर वे ख़राब हो जायेंगे । और दूसरे लडकों की ख़राबी यह है कि वे थूकते हैं, गाली देते है और तड़ी मारते हैं, इसलिए बडे लोगों के बच्चों को उनसे अलग कर दिया जाये । अगर साधारण आदमी, रिक्शा वाले, टैक्सी वाले या किसान का बेटा कलेक्टर, पार्लियामेंट के मेम्बर, मुख्य मंत्री या प्रधान मंत्री के बेटे या उन के पोते राहुल के साथ बैठता और रिक्शा वाले का बेटा तड़ी मार देता, तो वह लड़का शाम को अपनी दादी-मां, प्रधान मंत्री की गोद में बैठ कर उन्हें तड़ी मारता या अपने बाप, पार्लियामेंट के मेम्बर, की गोद में जाता और उन्हें गाली देता, तो हिन्दुस्तान के प्रधान मंत्री से लेकर जिले के कलेक्टर तक यह सोचने के लिए मजबूर होते कि सारे देश के बच्चों की तालीम दुरुस्त करनी चाहिए, वर्ना हमारा बेटा भी बिगड़ जायेगा । और तब सब की तालीम दुरुस्त हो जाती । लेकिन जब तक इस तरह अलग अलग तालीम की व्यवस्था रहेगी, तब तक यह तालीम ठीक नहीं हो सकती है ।

लड़का जब जवान होता है, तो वह देश के कामों में हिस्सा लेना चाहता है । हमारा देश एक गर्म देश है । जब हमारा संविधान बनने लगा, तो थोड़ी बहुत ठंडे देशों के संविधानों की नक्ल की गई और बालिग़ मताधिकार की उम्र 21 साल रखी गई । हमारे देश में शादी की उम्र 18 साल है और पल्टन में भर्ती होने की उम्र भी 18 साल है । अर्थात् अगर मुझे बच्चा पैदा करना है, तो 18 साल की उम्र पर मुझे उस की इजाजत है और अगर मुझे देश के लिए गर्दन कटाना है, तो 18 साल की उम्र पर मुझे इस की इजाजत है, लेकिन अगर देश की सरकार बनाने के लिये वोट देना हो, तो मेरी उम्र 21 साल होनी चाहिए । इस स्थिति को खत्म करना चाहिए । हिन्दुस्तान के विरोध पक्ष ने, जो आज जनता पार्टी के रूप में सरकारी पक्ष में बैठा है, लगातार यह मांग की है कि बालिग़ मताधिकार की उम्र 21 साल से घटा कर 18 साल कर दी जाये ।

इस के साथ-साथ हम लोगों ने लगातार यह मांग की है कि इस मुल्क के हर एक बालिग़ को संविधान में मूलाधिकार के रूप में काम का हक दिया जाये । जब तक सरकार इन दोनों बातों को नहीं जोड़ पायेगी, तब तक मुल्क के नौजवानों के लिए सत्ता में तब्दीली भले ही आ गई हो, लेकिन उन के हक और तरक्की के रास्ते के सम्बन्ध में कोई तब्दीली नहीं होगी ।

अब मैं थोड़ा बहुत विश्वविद्यालय की शिक्षा पर आ रहा हूं । सबसे पहले में अलीगढ़ विश्वविद्यालय को लूंगा । मैं रिपोर्ट देख रहा था । इसमें था कि विश्वविद्यालय ने बहुत तरक्की की है, उसको अनुदान मिला है, शान्त वातावरण में चल रहा है, यह सब लिखा हुआ है । लेकिन कांग्रेस पार्टी की सरकार के जमाने में अलीगढ़ यूनीवर्सिटी में तब्दीली लाने के लिए, उसके जम्हूरी [illegible] करने के एक कानून बनाया गया था । सारे देश के मुसलमानों के जज़बात को इस कानून से धक्का लगा था । उन्होंने आन्दोलन किया था । आज भी वे समझते है अलीगढ़ यूनीवर्सिटी एक्ट के जरिये मुसलमानों के हक को छीना गया है । मैं जनता पार्टी की सरकार से एक मित्र के नाते यह गुजारिश करूंगा कि उस कानून को मुसलमानों के जज़बात की हिफाज़त करते हुए समाप्त किया जाय या जहां तक जरूरी मालूम पड़े उसमें तब्दीली की जाये । इसमें अलीगढ़ यूनीवर्सिटी के जो प्रोफेसर्स या दूसरे लोग होंगे, मुस्लिम सम्प्रदाय के जो नेता या अगवा लोग होंगे उनसे भी सलाह लेना जरूरी हो जायेगा ।

काशी विश्वविद्यालय की बात लीजिये । इमर्जेन्सी के दौरान मैं बनारस जेल में था । वहां एक लड़के ने इम्तहान दिया जिसका नाम चंचल कुमार था । उसने पर्चा भरा तो काशी विश्वविद्यालय लिख दिया । तो बनारस के कलेक्टर ने उसके इम्तहान के फार्म को इन्कार करते हुए लिख दिया कि काशी विश्व-विद्यालय नाम की कोई संस्था नहीं है । इस संसद में काशी विश्वविद्यालय बनाम बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय पर कई बार बहस हो चुकी है । मैं नहीं चाहता कि उस बहस को और आगे बढ़ाया जाये । लेकिन श्री कालूलाल श्रीमाली ने काशी विश्वविद्यालय को इस दुर्गति की हालत में पहुंचाया है, जिस तरह से सरेआम छुरे-पिस्तौल और शराब की बोतलें वहां होस्टलों में मिलती थीं, जिस तरह से श्री जयप्रकाश नारायण की मीटिंगों पर वहां हमले कराये जाते थे कांग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टी के गठजोड़ से, यह बातें लोगों को मालूम है तो हम चाहते है कि काशी विश्वविद्यालय जिस दुर्गति की हाल में पहुंचा है उसकी जांच करवाई जाये ।

मैंने अभी शिक्षा के बारे में बताते हुए प्रारम्भिक विद्यालयों में दो तरह की शिक्षा की बात कही थी—एक फैन्सी स्कूल वाली

[श्री जनेश्वर मिश्र]

और दूसरी डिस्ट्रिक्ट बोर्ड और म्यूनिसिपल बोर्ड के स्कूलों वाली । ठीक उसी तरह विश्वविद्यालयों की तालीम भी दो तरह की शिक्षा में बांटी गई है । जब दूसरी जगहों के विश्वविद्यालयों के लड़के आन्दोलन करने लगे तो बड़े बाप लोगों को इस बात की फिक्र हुई कि उनके बच्चे अब कैसे पढ़ें पायेंगे । तो हिन्दुस्तान में एक नये किस्म की यूनिवर्सिटी खुलने की बात सोची गई जो खूबसूरत हो, पहाड़ी पर खुले, उसका सीन बढ़िया हो और तब यह तजवीज की गई कि जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के नाम से दिल्ली के समीप एक यूनीवर्सिटी पहाड़ी पर खोली जाये । पहाड़ी पर खोलने में ही यह दिक्कत पड़ गई कि दीवार जब बनने लगी तो पहाड़ तोड़ने में सरकार का बजट पानी की तरह बहा । जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय खुला । आप उससे वाकिफ हैं । कई बार छपता रहता है कि वह विश्वविद्यालय चल कैसे रहा है । हमने भी उस विश्वविद्यालय की कई खराबियों को जानने की कोशिश की । अभी श्रीमती मृणाल गोरे ने कालपात्र के बारे में बताया । कालपात्र हिन्दुस्तान के स्वतंत्रता संग्राम के लिए एक शर्मनाक चीज है । इसको तैयार करने वाले जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के ही डा० गोपाल और कृष्णामूर्ति साहब हैं । डा० गोपाल राधाकृष्णन् साहब के पुत्र हैं । इन लोगों ने जानबूझ कर गलत इतिहास बनाया । उसके लिए क्या सजा दी जा रही है ? शिक्षा मंत्री जी को साफ-साफ बताना पड़ेगा कि वह कालपात्र किस निश्चित मियाद तक उखाड़ कर फेंक दिया जायेगा । इस तरह की गंदी चीज हिन्दुस्तान की मिट्टी पर इतिहास के नाम पर नहीं रखी जा सकती है । अंग्रेजों ने हिन्दुस्तान का इतिहास गलत ढंग से लिखवाया । कांग्रेस पार्टी तीस साल तक हुकूमत करने के बाद हिन्दुस्तान के इतिहास के पन्ने को गंदलाने की कोशिश करेगी तो वह सारा का सारा पन्ना समूल नष्ट कर दिया जाना चाहिए, यह नीति वर्तमान सरकार को बनानी चाहिए ।

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय जो एक तरह से बड़े बाप के बेटों के पढ़ने के लिए बना है आज भी उस की चांसलर श्रीमती इंदिरा गांधी हैं । विश्वविद्यालय का चांसलर होने के लिए कुछ शैक्षणिक योग्यता की जरूरत होती है या नहीं । मैंने शिक्षा मंत्री जी का बयान एक दिन पढ़ा कि अब विश्वविद्यालय में प्रोफेसर या लेक्चरार होने के लिए पी० एच० डी० की डिग्री की जरूरत नहीं रह गई । नये सिरे से इनका फरमान निकला । नयी नीति बनी है सरकार की कि अब पी० एच० डी० या डी० लिट्० की जरूरत नहीं रह गई है लेक्चरार बनने के लिए । कोई एम० ए० पास है तो वह लेक्चरर बन सकता है । लेकिन चांसलर बनने के लिए कोई पढ़ाई लिखाई की योग्यता है या नहीं ? मैं नहीं जानता कि श्रीमती इंदिरा गांधी किसी विश्वविद्यालय की चांसलर बनने के लायक हैं, किसी विश्वविद्यालय में कभी पढ़ने के लिए वह गई हैं या नहीं ? इतनी आसानी से चांसलर के पद का दुरुपयोग नहीं किया जाना चाहिए । कल को कोई भी हिन्दुस्तान की कुर्सी पर बैठता है और शिक्षा पद्धति को अपनी कुर्सी के बल पर प्रभावित करने की कोशिश करता है, तो वह शर्मनाक बात है । जवाहरलाल नेहरू यूनीवर्सिटी के चांसलर के पद पर वह आज भी बैठी हुई हैं । इस पद पर से उनको हटाना चाहिये था । यहां की कुर्सी चली गई, लेकिन अभी विश्वविद्यालय की कुर्सी पर वह जैसी-की-तैसी बैठी हैं, इसी तरह से पता नहीं कितनी संस्थाओं में वे अभी भी जमी हैं ।

इस यूनीवर्सिटी को पांचवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान 6 करोड़ 5 लाख रुपया एलाट किया गया । इसमें केवल 1500 लड़के पढ़ते हैं और 250 शिक्षक हैं । अब एक शिक्षक पर कितने लड़के पड़े ? शायद 6 भी

नहीं पड़ते हैं । देश में अन्य विश्वविद्यालय भी हैं—बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय है, काशी विश्वविद्यालय कहिये, दिल्ली विश्वविद्यालय है—जहां 1 लाख 25 हजार विद्यार्थी पढ़ते हैं—लेकिन इतना पैसा योजनाओं में इन विश्वविद्यालयों को नहीं दिया गया । काशी विश्वविद्यालय में जहां 14 हजार छात्र हैं—वहां भी पैसा इससे कम दिया गया । हमको पता लगा है—जवाहरलाल नेहरू यूनीवर्सिटी को बनाने के लिये जो इंजीनियर काम करता है, उसका पटेल नगर में बहुत आलीशान मकान बन गया है, इसमें विश्वविद्यालय के अधिकारियों का भी हाथ होता है । मैं चाहूंगा कि इन सारी बातों की जांच कर के शिक्षा मंत्री जी उनके खिलाफ कोई कार्यवाही करें ।

जवाहरलाल यूनीवर्सिटी के स्टेचूट में एक क्लाज 28 है, जिसके मुताबिक वाइस-चांसलर को हक है कि 200 से अधिक लोगों को रीडर या इससे ऊपर की नौकरी अपने मन से दे सकता है । उसको डिस्क्रीशनरी पावर्स मिली हुई हैं कि जिस किसी को चाहे काम दे सकता है । मैं समझता हूं —दुनिया के किसी भी विश्वविद्यालय में वाइस-चांसलर को इस तरह का हक नहीं दिया गया होगा । इसका नतीजा यह हुआ है कि कांग्रेस और कम्यूनिस्ट पार्टी के लोगों को ज्यादा से ज्यादा भरा गया । ये लोग उन अध्यापकों के खिलाफ जिन्होंने एमर्जेन्सी के दौरान श्रीमती इंदिरा गांधी और कम्यूनिस्ट पार्टी के जनतन्त्र विरोधी कामों का सरे-आम प्रचार किया, जिन्होंने हिन्दुस्तान की जनता की स्वतंत्रता की थोड़ी-बहुत वकालत की, उनके खिलाफ खुफियागीरी करते थे । इतना ही नहीं इन लोगों ने जो अपने आप को शिक्षाविद कहते हैं या वाइस चांसलर हैं, जान-बूझ कर एमर्जेन्सी की वकालत की दलाली की, स्वतन्त्र विचारों के लोगों को गिरफ्तार कराने का काम किया । इस तरह के तमाम तत्वों का विश्वविद्यालय से सफाया किया जाना चाहिये । यह हालत केवल इसी यूनीवर्सिटी की नहीं थी—इलाहाबाद यूनीवर्सिटी के कई अध्यापकों के बारे में मैं जानता हूं—मैं नाम नहीं लूंगा । वहां एक डा० रघुवंश हैं, जो हिन्दी विभाग के अध्यक्ष हैं, दोनों हाथ के लूले हैं, उनके खिलाफ वहां के अध्यापकों ने रिपोर्ट दी—वाइस चांसलर को—कि यह तार काटने का काम कर रहे थे । दोनों हाथ लूले हैं डा० रघवंश के । जब वे जेल गये तो उनको नहलाने तथा पाखाने में उन्हें लौटा पहुंचाने का काम हम लोग किया करते थे' लेकिन उन पर आरोप लगाया गया कि ये तार काटने का काम कर रहे थे । इस बात की गवाही देने वाले थे वाइस चांसलर और अध्यापकगण । यह हालत थी ।

अन्त में अपनी बात समाप्त करते हुए मैं गुजारिश करूंगा कि एमर्जेंसी के दौरान विद्यार्थियों के जो जनतांत्रिक अधिकार खत्म किये गये थे, वे उन्हें वापस दिये जायें । पहले विद्यार्थियों को यूनियन बनाने का अधिकार था जो उन्हें वापस दिया जाए । मैंने इस सम्बन्ध में शिक्षा मंत्री जी से बातचीत की थी और उन्होंने मुझे कहा था कि इस विषय में सभी जगह आदेश भेज दिये गये हैं लेकिन सभी विश्वविद्यालयों में अभी ये यूनियनें नहीं बन पाई हैं । कुछ राज्य सरकारें इसमें बाधा डाल रही थीं लेकिन अब तो मैं समझता हूं कि ज्यादातर सूबों में जनता पार्टी की सरकारें हैं । अब तो विश्वविद्यायों में यूनियन बनाने का अधिकार वापस होना चाहिए जो कि एमर्जेंसी के दौरान छिन गया था ।

इसके साथ-साथ जब विद्यार्थी विश्वविद्यालयों में पढ़ने के लिए जाता है तो जुलाई की 10 या 12 तारीख से रजिस्ट्रार आफिस के बाहर एक तख्ती टांग दी जाती है कि दाखिला बंद । यह तो इस तरह से टांग दिया जाता है जैसे कि कोई सिनेमा हाल हो और उसका हाऊस फुल हो । किसी तानाशाही

[श्री जनेश्वर मिश्र]

मुल्क में तो यह हो सकता है कि शिक्षा रेस्ट्रिक्टिव हो, सिकुड़नवादी हो, लेकिन जनतंत्र में तो शिक्षा का फैलाव होता है, वह फैलाव-वादी होती है । इसलिए मैं गुजारिश करूंगा कि जो विश्वविद्यालयों में तख्ती लगा दी जाती है कि दाखला बन्द है, यह तख्ती नहीं लगनी चाहिए । आज के शिक्षा विभाग की यह नीति होनी चाहिए कि विश्वविद्यालयों में खुले रूप से भर्ती की जाए । अगर लड़का नीचे का इम्तिहान पास कर चुका है तो उसे ऊपर का इम्तिहान पास करने के लिए पढ़ने की पूरी-पूरी सुविधा दी जाए । मुझे याद है, आज से सात-आठ साल पहले दिल्ली विश्वविद्यालय शिक्षक संघ ने मांग की थी कि अनिवार्य हाजिरी की प्रथा समाप्त की जाए । क्योंकि अनिवार्य हाजिरी के जरिये विद्यार्थी और शिक्षक के बीच भेड़ और गड़रिये का रिश्ता बन जाता है । गड़रिया भेड़ को डंडा लेकर हांका करता है अनिवार्य हाजिरी के जरिये उसमें भेड़वृत्ति की जहनिबत विकसित हो जाया करती है । यह अनिवार्य हाजिरी क्यों हो ? लड़का आये, पढ़े और उसके बाद इम्तिहान पास कर ले ।

श्री जगदम्बी प्रसाद यादव (गोंडा) : इम्तिहान भी क्यों ?

श्री जनेश्वर मिश्र : माननीय सदस्य ने मुझे याद दिलाया, ये इम्तिहान भी खत्म किये जा सकते हैं । एम० ए०, बी० ए०, की डिग्री लेने के बाद दारोगा, कलैक्टर बनने के लिए जो इम्तिहान देना पड़ता है इसकी कोई जरूरत नहीं है । यह हमारा गरीब मुल्क है । हमें इम्तिहान में बिठा दीजिए, एम० ए०, बी० ए० के इम्तिहान में बिठा दीजिए, हमारी काबलियत के आधार पर हमें जो नम्बर मिले हैं, उन्हीं में से ऊपर से हमें ले लीजिए । या फिर अगर आप कलैक्टरी के लिए, दारोगा के लिए, बी० डी० ओ० के लिए इम्तिहान लेना चाहते हैं, यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन के इम्तिहान लेना चाहते हैं तो बी० ए०, एम० ए० के इम्तिहान को हटा दीजिए । यह जो लार्ड मेकाले के जमाने से पद्धति चल रही है इसको हटाइये । बी० ए०, एम० ए० का अगर आप इम्तिहान लेते हैं तो हम समाज की सिविल सर्विसिज के लिए, कलैक्टर के लिए, दारोगा के लिए, तहसीलदार के लिए, बी० डी० ओ० के आप के यहां दरखास्त दें तो इन्हीं इम्तिहानों के आधार पर आप हमें नम्बर देकर छांट लीजिए । इस तरह से जो जगह जगह इम्तिहान की प्रथा चल रही है यह समाप्त होनी चाहिए । हमारा अमूर्त ज्ञान की पढ़ाई का ही इम्तिहान ले लें जो कि विश्वविद्यालयों में हुआ करता है या फिर मूर्त ज्ञान की पढ़ाई का इम्तिहान ले लें । मूर्त ज्ञान का रिश्ता पब्लिक सर्विस कमीशन, रेलवे सर्विस कमीशन से है, अमूर्त ज्ञान का रिश्ता विश्वविद्यालयों से हुआ करता है । अमूर्त ज्ञान का रिश्ता खोपड़ी से हुआ करता है और मूर्त ज्ञान का रिश्ता पेट से । हमारा वर्तमान शिक्षा विभाग इस प्रश्न को समझे और ऐसी व्यवस्था करे कि हमारे देश का मन खिले और बुद्धि चमके, इन बातों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं ।

मैं अपने शिक्षा मंत्री को बधाई देता हूं और उनसे यह आशा करता हूं कि वे देश के नौजवानों की आकांक्षाओं और आशाओं के अनुरूप शिक्षा को चलायेंगे और शिक्षा को उसके बांझपन और बुढ़ापे के दोहरे रोग से मुक्त करेंगे ।

SHRI V. ARUNACHALAM (Tirunelveli) : Mr. Chairman, I thank you for giving me this opportunity to say a few words on the demand for grants of Education and Social Welfare.

Education was primarily a state subject. Under the Constitution, as orginally enacted, the centre is invested with adequate powers for

maintenance of central universities and institution of national improtance, all union agencies and institutions for professional, vocational or technical training and promotion of special studies or research.

Article 350A of the Constitution places special responsibility on the Central Government to safeguard the rights of the minorities. According to the Concurrent List, under the entry 20, the Central Government and the State Governments have to work together in preparing and implementing the national plans for the reconstruction of our education. To put it in a nutshell, the Constitution places the necessary educational matters within the exclusive jurisdiction of the Central Goverament. Even though the Central Government is armed with all these powers, the previous Government, without any justification deleted the entry 'education' in the State List undemocratically and unjustifiably transferred its contents to the Concurrent List. The act of the previous Government is against the federal principle and against the democratic principles. The Government which had faith in democracy and federalism should not have done this. This act is unnecessary and unwarranted and it is a patent inroad in the limited jurisdiction of the State Governments. At the time of discussion of the Bill our party had registered its protest for the inclusion of the subject 'education' in the Concurrent List. Unfortunately, it was passed but I know the policy of the present Government.

So far as the 42nd amendment is concerned, I do not know whether the Government is going to repeal the entire Amending Act or to bring in suitable amendments to the amending Act. But, instead of repealing that, if this Government wants to give effect to the 42nd Amendment Act, the foundation of the long standing educational system and its growth will be affected seriously so as to create confrontations and conflicts between the Centre and State Governments. Therefore, my humble submission is that the subject 'education' which had undemocratically been transferred from the State List to Concurrent List, must be restored to the State List as early as possible.

According to our Directive Principles, under Article 45 of our Constitution, the State Government must give free and compulsory education to all children upto the age of fourteen within ten years. Unfortunately, some of the leading States are still lagging behind in implementing the principle. But, I am proud to state in this House that when our respectable leader Thiru Kamraj was the Chief Minister of Madras, he introduced free education upto S.S.L.C. This facility as extended upto P.U.C. when our beloved leader, Dr. Anna became the Chief Minister of our State.

But, Sir, we hear that even now some of the leading States like U.P., Orissa and West Bengal have not come forward to implement this constitutional obligation in the field of education.

Sir, the aim of education is enlightenment of the people and enshrining their thought and enlargement of their employment opportunity. Therefore education in early stage becomes important. If we go through the record of enrolment of our children, we see that the Education Department has no right to claim any merit. The enrolment of age group 6—11 is 96 per cent but the age group 11—14 is 46 per cent and the age group 14--17 is only 21 per cent. So, my point is that there is a steep fall from one age group to another age group. Of course, we cannot expect all the children to continue their study upto the age of 17 years. Nearly 782.07 lakhs of children go to primary school. But the strength is abnormally decreased to 215.80 lakhs in the middle schools. Further it is reduced to 87 lakhs in high schools. If I put it, in other words,

[Shri V. Arunachalam]

nearly 5.50 crores of students discontinued their study after primary school.

Mere primary education is not going to be useful or helpful in this modern world. Therefore, I request the Government to take more drastic steps for the implementation of compulsory free education upto S.S.L.C., if this is not possible, at least upto 8th standard.

Sir, our Education Department is noted for its lack of clarity, definite philosophy and determined action. The problem of medium of instruction in colleges and universities is hanging fire for the past 15 years. In order to improve the standard of education and develop the knowledge in various branches of study, it is an accepted fact that medium of instruction in the colleges and universities must be the regional language. Even at the time of freedom struggle our national poet, Rabindra Nath Tagore pointed out in a convocation address at Calcutta with a painful feeling:

> "In no country in the world except India, is to be seen this divorce of the languages of education from the languages of the people."

After the dawn of Independence the national leaders realised the vital role of regional languages for promoting the quality of education and national integration. The National Integration Council formed in 1962 favoured the change in the medium of instruction from English to regional languages. It said:

> "The development of latent talent in the country will also—in view of the Council—be retarded unless regional languages are employed as a medium of instruction at the university stage."

Sir, we all know that the Kothari Commission enquired into and examined the educational matters in detail. The Commission had a definite view in support of regional languages for medium of instruction. In its Report it has clearly pointed out:

> "It would, therefore, be unwise to strive to reverse the present trend for the adoption of the regional languages as medium of education at the university stage and to insist on the use of a common medium in higher education throughout the country."

Sir, in 1968 this House has passed a Resolution about national policy on education. I quote:

> "The regional languages are already in use as medium of education at primary and secondary stages. Urgent steps should be taken to adopt them as medium of education at the university stage."

The Kothari Commission had fixed a time limit of ten years for changing the medium of instruction. We have taken another ten years and still we are unable to implement the scheme successfully. Unless we examine this matter with due care and sense of responsibility and take prompt steps for the implementation of this scheme, the wheel of progress will be put in reverse gear and it will take another 25 years to improve our position in the field of education.

Sir, I know that some of the States have adopted regional language as a medium of instruction. Some books in science and technology have been published in regional languages. So far as our State is concerned it has granted special scholarships for those who have preferred to take Tamil medium. Inspite of all these earnest steps most of the students are not willing to favour regional medium but prefer English as the medium of instruction. Why is it so? We must look into it. Our students and their parents prefer English medium not because of any affection towards English or on account of realisation of its rich literature value but because of its advantageous position in Gov-

ernment and Administration. Regional languages have not been elevated to that level. So, the Government must be very sincere in its policy. This government must take necessary steps to introduce regional languages not only in the administration of all the States but also in the offices of the Central Government located in the States. Sir, in my constituency, that is Tirunelveli, we have got Central Government offices in which work is being carried on either in Hindi or in English language. Both the languages are foreign to us. Therefore, my plea is that all the work in the Central Government offices located in the States must be carried on in the regional languages.

Another reason for the non-fulfilment of the policy is the attitude of the Hindi fanatics. They want to replace English by Hindi in Universities and colleges. Of course, it is not the policy of the Centre, but the manner in which the Central Government approaches the language problem is full of double dealing and deceit. This Government must remove the fear in the minds of the people, not by assurances, not by promises, not by declarations but by deed and action. You must create the confidence. Confidence is a plant of slow growth in an aged bosom. Therefore, the new Government must try to create the confidence among the people.

Sir, the unemployment problem among the educated people is becoming serious and bewildering. Now, if you look at the growth of enrolment in colleges, you will find that the factual position is painful. The growth of enrolment in colleges in 1960-61, was 15.6 per cent. In 1961-62, it had increased to 19.2 per cent. Then there was a decline. Again it picked up. In 1969-70, it was 14.5 per cent. In 1975-76, it was only 2.5 per cent. If this position is allowed to continue, then the prosperity of our nation in future will be bleak and our future will be doomed to darkness of ignorance and under-development. Sir, the first sentence of the Kothari Commission's report reads like this:

"The destiny of India is being shaped in her class-rooms".

In fact, it is not shaped but crippled not by the students, but by the politicians, not in the class-room but by the law-making bodies. Thank you.

श्री मनोहर लाल (कानपुर) : सभापति महोदय,

बड़े गौर से सुन रहा था जमाना,

तुम्हीं सो गये, दास्तां कहते कहते।

यह 30 साल की कहानी है। 30 साल से हमारे हिन्दुस्तान के नौजवान दोस्त सुनते रहे कि शिक्षा के पाठ्यक्रम में या शिक्षा में आमूल परिवर्तन करने के बाद शिक्षा पद्धति को सुधारेंगे लेकिन वह नहीं हो पाया। आज हमारे शिक्षा मंत्री जी ने जो डिमांड्ज यहां प्रस्तुत किये हैं, मैं उनका समर्थन करने के लिये खड़ा हुआ हूं।

पिछले 30 सालों में जिस तरह से हम नौजवान लोगों ने, हिन्दुस्तान के पढ़ने वाले लड़कों ने वह उम्मीद की थी कि अब तक शिक्षा नहीं मिली है तो क्या अब आने वाली शिक्षा के माध्यम से हम इस तरह की शिक्षा प्राप्त करेंगे जिससे हम आगे आने वाले जीवन को सुधार सकेंगे और तमाम कुरीतियों, बुराइयों को दूर कर सकेंगे उस तरह की शिक्षा नहीं मिल पाई है।

मेरा शिक्षा मंत्री जी से निवेदन है कि जो अब तक इतने समय में नहीं हो पाया, हमें जनता पार्टी की सरकार से आज जो उमीद है, उसे वह पूरा करें।

साहित्य समाज का दर्पण है, यह बिल्कुल सही बात है। किसी भी समाज के बारे में अगर मालूम करना है कि उस समाज की क्या हालत है, उस समाज के जरिये से देश की

[श्री मनोहर लाल]

क्या हालत है, तो उसके साहित्य की तरफ देखना होगा और साहित्य के माध्यम से हम आगे तरक्की कर सकते हैं। शिक्षा के माध्यम से ही हम अपने देश की तरक्की कर सकते हैं। हमें यह कहने में जरा भी संकोच नहीं है कि 30 सालों में जो पंचवर्षीय योजनाएं बनीं, पांचवी या छठी पंचवर्षीय योजना रही, उसके बाद भी हर साल देखा तो पढ़े-लिखे बेरोजगारो की संख्या बराबर बढ़ती चली गई है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार हिन्दुस्तान में हर साल 7 करोड़ पढ़े-लिखे नौजवान बेकारों की लाइन में खड़े हो जाते हैं, और इस तरह यहां बेकारों की फ़ौज बराबर बढ़ती जा रही है। भारत में प्रथम पंच-वर्षीय योजना के अन्त में 5.3 करोड़, द्वितीय पंच वर्षीय योजना के अन्त में 7.1 करोड़, तृतीय पंच-वर्षीय योजना के अन्त में 9.6 करोड़, 1969 के अन्त में 13.2 करोड़ और चतुर्थ पंच-वर्षीय योजना के बाद 14 करोड़ से ऊपर पढ़े-लिखे लोग बेकार हो गये। ये सरकारी आंकड़े बिल्कुल सही नहीं हैं, क्योंकि देहात में अभी भी बहुत से नौजवान हाई स्कूल, इन्टर या बी० ए० पास करने के बाद एम्पलायमेंट एक्सचेंज में नाम नहीं लिखाते हैं।

हम देखते हैं कि हमारे नौजवान बी० ए०, एम० ए० या एम०एस०सी० आदि पास करने के बाद बेकारों की लाइन में खड़े हो जाते हैं। जिस तरह हमारे मजदूर भाई सुबह फ़ैक्टरी के अन्दर जाते हैं और शाम को वहां से निकलते हैं, उसी तरह हमारे नौजवान कालेजों या यूनीवर्सिटी में प्रवेश पाते हैं और वहां से डिग्री या डिप्लोमा लेने के बाद बेकारों की सेना में शामिल हो जाते हैं। वे दर-दर ठोकर खाते हैं, लेकिन उन्हें रोजगार नहीं मिलता है।

आई० टी० आई०या आई० आई० टी० जैसी संस्थाओं द्वारा जो डिग्री या डिप्लोमा दिया जाता है, उन की कोई बुक्कत नहीं है। प्राइवेट सैक्टर के लोग उन्हें सर्विस या एप्रेनटिसशिप देने के लिए तैयार नहीं होते हैं, क्योंकि उन्हें कोई प्रैक्टिकल ज्ञान नहीं होता है। इसकी तुलना में अगर किसी ने प्राइवेट सैक्टर में ट्रेनिंग ली है या एप्रेनटिसशिप की है, तो प्राइवेट सैक्टर के लोग उसे फ़ौरन ले लेते हैं। मेरे कहने का मतलब यह है कि सरकारी संस्थाओं द्वारा जो ट्रेनिंग दी जाती है, या डिग्री या डिप्लोमा दिया जाता है, प्राइवेट सैक्टर में उनकी कोई बुक्कत नहीं है। इस का कारण यह है कि हमारी शिक्षा जाब-ओरियेंटिड नहीं है, उस में प्रैक्टिकल नालेज नहीं दिया जाता है।

इस समय जो शिक्षा पद्धति चल रही है, उस में आज तक कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। कोठारी आयोग ने यह सिफ़ारिश की थी कि शिक्षा में आमूल परिवर्तन किया जाना चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। हमारे नौजवानों को ऐसी शिक्षा दी जानी चाहिए, जिस से डिग्री या डिप्लोमा आदि प्राप्त करने के बाद उन्हें रोजगार मिल सके, या वे कोई अपना काम कर सकें।

आज एक तरफ़ म्यूनिसिपलिटी और डिस्ट्रिक्ट बोर्ड के स्कूल हैं और दूसरी तरफ़ बड़े-बड़े अंग्रेजी माध्यम के स्कूल चल रहे हैं, जिन में बड़े पैसे वालों और अफ़सरों के बच्चे पढ़ते हैं। श्री जनेश्वर मिश्र ने ठीक कहा है कि आज हिन्दुस्तान में जो दो तरह की शिक्षा चल रही है, उस के कारण आज गरीबी और अमीरी के बीच की खाई बढ़ती जा रही है। वह खत्म नहीं हो सकी है और न खत्म हो सकती है अगर यह दो तरह की शिक्षा हिन्दुस्तान के अंदर चलती रही। हम चाहते हैं कि आप इस तरफ़ देखें। वे भी हिन्दुस्तान के बच्चे हैं जिन को बैठने के लिए टाट पट्टी नहीं मिलती है, जिन के बैठने के लिए कोई इमारत नहीं है। हमें अच्छी तरह से मालूम है हमारे गांवों के अंदर बिल्डिंगों में नहीं बल्कि पेड़ों के नीचे स्कूल लगते हैं। मास्टरों के बैठने के लिए कुर्सी की बात छोड़ दीजिए बच्चों के बैठने

के लिए टाट पट्टी भी नसीब नहीं होती है इस तरह की शिक्षा हमारे हिन्दुस्तान में दी जा रही है और हम उम्मीद करते हैं क देश तरक्की करेगा, यह नामुमकिन है। जब तक हिन्दुस्तान के अंदर दो तरह की शिक्षा रहेगी तब तक हमारा देश तरक्की नहीं कर पाएगा।

जैसा कि अभी कांग्रेस के एक भाई कह रहे थे कि जनता पार्टी क्या करने जा रही है या क्या करेगी तो मैं बताना चाहता हूं कि इस तरह की शिक्षा पद्धति हमारे देश में होनी चाहिए जिस में हम अपने नौजवानों को इस तरह की शिक्षा दे सकें जिससे कि वे हाई स्कूल या इंटर कालेज से निकलें तो उन को नौकरी के लिए या रोजगार के लिए दर-दर की ठोकर न खानी पड़े। उन को उसके बाद नौकरी मिल सके या वे अपना काम कोई कर सकें, ऐसी शिक्षा उनको मिलनी चाहिए।

आज हिन्दुस्तान में 43 हजार से ज्यादा हायर सेकेंडरी या हाई स्कूल है और दस हजार से ज्यादा इंटर कालेज हैं। करोड़ों विद्यार्थी इन में पढ़ते हैं। डिग्री कालेजों की बात छोड़ दीजिए, हाई स्कूल और इंटर कालेजों की बात मैं कहता हूं। इन में सुधार किया जाय तो बहुत कुछ हम अपने विद्यार्थियों के जीवन को सुधार सकते हैं।

जहां तक कालेजों में भ्रष्टाचार की बात है, आज हम यह देखते हैं कि स्कूल और कालेजों के नाम पर लोगों ने अपनी अपनी दूकानें खोल रखी हैं। कालेज और स्कूल खोल कर लोग उसे अपनी आमदनी का जरिया बनाए हुए हैं। उन को यह ख्याल नहीं है कि शिक्षा के माध्यम से अपने देश के नौजवानों का भविष्य सुधर सकता है, उन को हम ऐसी शिक्षा दें जिससे वे अपने देश की किस्मत सुधार सकें और देश को आगे बढ़ा सकें, इसकी परवाह उनको नहीं है। सिर्फ एक दूकान की तरह इन शिक्षा संस्थाओं को ये लोग चलाते हैं। इस तरह के स्कूलों को हम चाहते हैं कि तुरंत बंद कर दिया जाय। जो मान्यता प्राप्त स्कूल नहीं हैं उनको भी तुरंत बंद कर देना चाहिए। उन स्कूलों में जो बच्चा आठवीं कक्षा तक पढ़ कर निकलता है, उसके बाद वहां से सर्टिफिकेट लेकर दूसरी जगह ऐडमीशन के लिए जाता है तो उसका ऐडमिशन नहीं हो पाता है इसलिए कि जो सर्टिफिकेट वे देते हैं उसकी कहीं मान्यता नहीं होती है। इस तरह उसका जीवन खराब होता है। उस को आगे ऐडमिशन नहीं मिल पाता है। इसलिए इस तरह के स्कूलों को तुरंत बंद कर देना चाहिए। सरकार को इस बात के ऊपर ध्यान देना चाहिए कि हम अपने बच्चों को और युवकों को इस प्रकार की शिक्षा दें जिससे आगे उनको ऐडमिशन मिल सके और वे यूनिवर्सिटीज और कालेजों में जा कर पढ़ सकें।

हिन्दुस्तान के अंदर अलग अलग-प्रदेश हैं और उनमें अलग-अलग पाठयक्रम हैं। अगर एक यू० पी० का विद्यार्थी इंटर या बी० ए० पास करने के बाद चाहता है कि दिल्ली में आ कर ऐडमिशन ले सके तो उसको ऐडमिशन नहीं मिलती है क्यों कि यहां का पाठयक्रम दूसरा है और वहां का दूसरा है। हम चाहते हैं कि हिन्दुस्तान के अंदर सभी प्रदेशों में एक तरह का पाठयक्रम हो जिस से किसी को इस तरह की दिक्कत न हो। मान लीजिए आज एक आदमी सर्विस में है, वह किसी दूसरी स्टेट में ट्रांसफर हो कर आ जाता है तो दूसरी स्टेट में उस के सामने यह दिक्कत न आए कि उस के बच्चे का ऐडमिशन वहां पर नहीं हो सकता है इसलिए कि वह दूसरे प्रदेश से आया है जहां पाठयक्रम दूसरा है। यह दिक्कत नहीं रहनी चाहिए। एक तरह का पाठयक्रम पूरे हिन्दुस्तान में लागू होना चाहिए। एक तरह का पाठयक्रम होने से एक युनिफार्मिटी आएगी और जो तमाम तरह की कठिनाइयां सामने आती हैं वह खत्म हो जायेंगी।

अभी एक भाई बोल रहे थे कि जिस तरह से सिनेमा में हाउस फुल का नोटिस बोर्ड

[श्री मनोहर लाल]

लगा दिया जाता है इसी तरह से आज कालेजों और विश्वविद्यालयों में कह दिया जाता है कि अब ऐडमिशन नहीं होंगे। इस की तरफ भी ध्यान दिया जाये।

कोठारी आयोग जो बना था उसकी रेकमेंडेशंस जब आई तो कांग्रेस सरकार ने कहा था कि हम कोठारी आयोग की रेकमेंडेशंस को पूर्णतया लागू कर रहे हैं और पूरी तरह उनके ऊपर अमल करेंगे। लेकिन वह काम आज तक नहीं हुआ है। 10 प्लस टू प्लस थ्री की स्कीम लागू की गई और कहा गया कि इससे बहुत बड़ा फायदा विद्यार्थी वर्ग को होगा। लेकिन मैं यह कहना चाहता हूं कि इस 10 प्लस 2 प्लस 3 की स्कीम से कोई भी फायदा होने वाला नहीं है। उसमें इतना बड़ा पाठ्यक्रम है, इतने ज्यादा सब्जैक्टस है कि विद्यार्थी की समझ में ही नहीं आता कि वह क्या करे, कैसे उन सब विषयों को ले कर आगे बढ़े। मेरा यह मतलब नहीं है कि हम पुरानी पद्धति को चालू करें, लेकिन जरूरत इस बात की है कि जो हमारे नौजवान विद्यार्थी है, जिनके सामने बेरोजगारी की समस्या है, पहले ही इतनी बड़ी लाइन लगी हुई है कि उनको नौकरी देना कठिन हो रहा है, उनकी समस्या का समाधान हो। हमारे कालिजिज और यूनीवर्सिटीज से जो विद्यार्थी निकलें उनको बेकारों की लाइन में खड़ा होना न पड़े, बल्कि उनको ऐसी शिक्षा दी जाय जिससे वे अपनी जीविका कमा सकें, नौकरी करना चाहें तो नौकरी मिल सके, अपना रोजगार करना चाहें तो रोजगार मिल सके।

16 hrs.

आइ० आइ० टीज का जहां तक ताल्लुक है, वहां बहुत बड़ा करप्शन है। आइ० आइ० टीज के जो चेअरमैन एपाइंट किये जाते हैं उनको पोलिटिकल बेसिज पर एपाइंट किया जाता है, चाहे उनके अंदर उस पद की गरिमा के अनुसार क्वालिफिकेशन हो या न हो। मेरा निवेदन है कि आइ० आइ० टी० का जो भी चेअरमैन बनाया जाये, उसकी क्वालिफिकेशन को देख कर बनाया जाये। जो उस संस्था की समस्याओं को समझता हो, वहां के पाठयक्रम के बारे में उस को पूरी जानकारी हो और वहां पर फैले करप्शन को सुधारने की क्षमता रखता हो।

आप समाज कल्याण बोर्ड के माध्यम से छोटे-छोटे गरीब बच्चों को बाल-आहार देते हैं, सुपत किनाबें बांटते हैं। लेकिन इसमें इतना करप्शन है कि जो पौष्टिक आहार बच्चों को मिलना चाहिए, वह नहीं मिल पाता है। जो आहार बच्चों के लिये हिन्दुस्तान की सरकार दे रही है या बाहर से आ रहा है, वह सही मायनों में बच्चों तक नहीं पहुंच पाता है। इस की जांच होनी चाहिए और जो आहार दिया जाता है वह बच्चों तक पहुंचाना चाहिए।

सभापति महोदय, मैं शिक्षा मंत्रालय की अनुदानों का समर्थन करते हुए शिक्षा मंत्री महोदय से यह उम्मीद करता हूं कि अपने कार्यकाल में वे अवश्य ऐसी बात करेंगे जिससे शिक्षा पद्धति में परिवर्तन आये। हमारे कांग्रेस के दोस्त पूछ रहे थे कि जनता सरकार क्या करना चाहती है? आप का प्रयास ऐसा हो कि उन को मालूम हो जाये—पिछले तीस सालों में उन्होंने जो कुछ किया है, उसके दोष उन पर हैं, लेकिन जनता पार्टी ने जो वचन जनता को दिया है, हमारे विद्यार्थियों को जनता पार्टी से जो उम्मीदें हैं, उन को हम अवश्य पूरा करेंगे।

SHRI A. E. T. BARROW (Nominated-Anglo-Indian) : Mr. Chairman, it was indeed heartening to read that the Planning Commission in formulating its 6th plan will ensure among other things the basic requirement of public services including the education of a substantial number of people below the poverty line. This promises, I hope, a larger outlay on

education. A remark under the demands for grants reads as follows:

> "An increase of Rs. 20.73 crores in 1977-78 is to be provided largely for grants to institutions."

As one connected with education for almost five decades, may I be permitted to offer the Minister a little advice in the form of a modern fable. Once upon a time a man bought a horse; he kept it in a small field at the back of his house where it enjoyed grazing and a winter ration of hay. Times were hard, and often the horse went short of fodder but, though thin, survived. In course of time the man improved the stable, built better barns to keep the hay, doubled the number of stable lads, and brought in an army of administrators to manage the horse. This led to the horse to expect some improvement in its diet But with a bigger establishment to maintain, bigger barns to sweep out more ancillary and administrative staff to pay, the man became still more hard up and, as an economy measure, ordered the supply of hay to be cut by 10 per cent.

My appeal to the hon. Minister is that when he gets a larger outlay for education, he should see that the horse of education gets its hay and that we do not spend money on more institutions, better buildings and all the facade and paraphernalia of education except education qua education.

With these general remarks I will come to specify issues One of the issues is with regard to the 10+2 pattern of education. I am connected with a large number of schools and many parents asked me the question: what is going to be the future of the 10+2 pattern of education? The Minister has thrown a mantle of uncertainty over the implementation of his plan. I was a member of the Committee of Parliament which formulated the National Policy on Education in 1967. We had before us the recommendations of the Kothari Commission on education. I believe that the 10+2 pattern is more suitable to the country. It is the logical outcome of our Constitution. Article 45 of our Constitution enjoins that there shall be free and compulsory education up to the age of 14. It is accepted as a matter of convention that children will be admitted to school at the age of six. Therfore, is follows that the first stage of free and compulsory education must be of 8 years duration. This period of 8 years is the minimum. At the next stage the duration for any course, be it an academic course or be it vocational course should be about two years. Therefore, you get 8+2. At the end of this stage many of the pupils will leave schools. They become typists or clerks or nurses. Some people may go for employment as ticket collectors, guards and so on so that it is the natural end of the first stage of secondary education. For the 10+2 stage the minimum period for either vocational education or for academic education will be about 2 years. I would ask the Minister to make a clear unequivocal statement about the pattern of school education. Many of the schools are opening shortly and parents do not know what is going to happen. If this is going to be changed in the middle of the term, it will interfere with the lives and the future of our children. It is an important matter and I think we should get a clear statement from the Minister on this question.

Now, I raise the question of the content of secondary education. I agree with the Minister that our secondary education is too heavy. I have found another apt quotation :

> "Cromwell described the laws of England as a "tortuous and ungodly jumble". That seems to me an excellent description of our education —at least of our secondary education. What an amazing and chaotic

[Shri A. E. T. Barrow]

thing it is. One subject after another is pressed into this bursting portmanteam which ought to be confined to the necessary clothes for a journey through life, but becomes a wardrobe of bits of costumes like the property box of a theatrical company. And to make the chaos more chaotic, we mix the clothes together indiscriminately in our curriculum putting on a costume and pulling it off before we have time to button it up."

This is what happened to the class X curriculum and the content of the course. Suddenly the schools were told to withdraw 3 sections from the Chemistry syllabus. Even before they had buttoned up the coat of chemistry, they were asked to delete portions of the History Syllabus. I agree with the Minister that it is much too overloaded a curriculum. I would ask the Minister to accept this as a basic policy, that school education should be a full, sufficient and complete organic whole, complete in itself and not a means or an instrument of the next stage of education. At present our school education is controlled by university education; it is oriented to university education. Don't let school education be used as an instrument for sending people to the university. As soon as you make education an instrument, it defeats the very purpose of education. It must be complete and sufficient in itself, so that you can journey through life without a degree.

May I say a word on university education? What is it that our universities are doing? University education is an instrument; It is instrument for employment. Most of our jobs, whether in the government at the Centre or in the States or in the public sector, require a university degree as the entrance requirement, and so our university education is attuned to and directed towards providing degrees for the purpose of employment.

I would like to draw the attention of the Minister to a paragraph in the National Policy on Education:

"Education at this stage should be largely terminal, so that a majority of students who complete Class XII can enter different walks of life. From this point of view, the recruitment to lower administrative services and posts should ultimately be made from amongst those who have completed the higher secondary stage, and the recruitment of graduates to these posts should be discouraged, by prescribing a lower age for appointment. It is desirable to select the personnel even for the superior posts under government or in the public sector at the end of the higher secondary stage itself, and then train them further at State expense."

As long as we make university education an instrument, we will be defeating the purpose of education. If school education is an instrument for university education, and university education becomes an instrument for finding jobs, we defeat the whole purpose of education.

I wanted to say something about vocationalization. I am glad that the 6th Plan envisages rural industrial development. The Minister is right in saying that job-oriented education is not the panacea for unemployment. The history of advanced countries will show that it is a piece of folklore to believe that technical education or vocational education can charge the economic bases of society. In Japan and America, vocational education did not build industry; industry has promoted and supported technical education. Educational Sociologists have proved quite clearly that the only way to develop technical training is to first change the basic economic structure of society. Only then will we be able to provide enough jobs for persons who go through the training necessary for such industry.

Finally, I want to say something on examinations. The Central Board of Secondary Education quite rightly announced that it was going to issue its results in grades and not in marks. There was a committee appointed by the Central Advisory Board of Edution. Shri V. K. Malhotra, Shri Narasimha Rao and myself, among others, were on this Committee, and we recommended that grades should be used and not marks. The University Grants Commission held meetings and they also came to the conclusion that grades and not marks should be used. A seven-point scale was considered and it was accepted. But suddenly there was a newspaper announcement that the Central Government had decided that the Central Board should not use grades, but marks. Firstly, the Central Board is an autonomous body, and I do not know why the Central Government should have taken upon itself to decide that the Central Board should not use grades but marks. But to make matters worse still, we find that the Delhi University, which is a Central University, is still thinking in terms of making admissions in terms of marks. It will lead to an absurd and ridiculous situation. According to the newspapers, the position is this. "The number of candidates obtaining marks between 33 and 39.9 per cent is 5,904, and those obtaining between 40 and 44.9 per cent is 8,990." The University lays down 40 per cent as the admission mark. We as teachers and examiners take it upon ourselves to be able to distinguish between one candidate and another by 0.1 per cent and to say that one candidate is 0.1 per cent better than another, therefore, he will be admitted, and the other will not be admitted. This is something that the Central Ministry should urge the universities to do away with. This is not my criticism only.

The other criticism I have to make is that we add up the marks for the different subjects and say that it is 33.9 per cent. It is like adding up the pressure, temperature and rainfall of a place like Delhi or Bombay and saying that it is the climate of that place.

To support any criticism, I quote from the Kothari Commission:

> "For instance, the present situation where a debate often takes place whether a student with 39.6 per cent marks should or should not be admitted (the prescribed marks for admission being 40 per cent) and where such student may be admitted in one college or faculty but not in another, is Pickwickian, if not absurd."

I would ask the hon. Minister to please look into this; this reform in examinations has been accepted. I request him to see that something is done about it at least before next session, next year.

श्री कल्याण जैन (इंदौर) : सभापति महोदय, मांगों का समर्थन करते हुए मैं मंत्री जी से निवेदन करूंगा कि वे जनता की आकांक्षा को पूरी करें । ऐसे तो 30 साल की विरासत का नतीजा जनता पार्टी को मिला है । आजादी के वक्त 20 करोड़ के करीब निरक्षर व्यक्ति देश में थे, आज 30 साल के कांग्रेस शासन के बाद निरक्षर लोगों की संख्या 40 करोड़ के करीब है । इसको दूर करना है । उसको दूर करने के लिये मैं चाहूंगा कि जनता पार्टी की सरकार आमूलचूल परिवर्तन करे और अगर यह नहीं कर सकेगी तो जनता को कोई फायदा नहीं मिलेगा । जो जनता पार्टी से आशाएं थीं वह 4 महीने में अभी तनिक भी पूरी नहीं हुई है, लेकिन फिर भी उम्मीद है कि शायद वह पूरी करे । क्योंकि न तो रेलवे का प्रथम दर्जा खत्म हुआ है, न पब्लिक स्कूल खत्म हुए, न उपभोग में कमी हुई और न मोटर की फिजूलखर्ची समाप्त हुई । इसलिये मैं जनता पार्टी की सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि वह सबसे पहले पब्लिक स्कूल समाप्त करने की घोषणा करे, यह समाज पर

[श्री कल्याण जैन]

सबसे बड़ा कोढ़ है । क्योंकि एक ओर आम लोगों के स्कूल हैं, जहां किसी प्रकार की व्यवस्था नहीं है और दूसरी ओर वह स्कूल हैं जहां कि बड़े लोगों के बच्चे पढ़ते हैं जिन पर 200, 300, 400 रुपये महीना खर्चा होता है जब कि हिन्दुस्तान के आम बच्चों पर 2, ढाई रुपये महीना खर्च होता है । सबसे बड़ा रोग इस समस्या के कारण यह हुआ है कि बच्चों के मन में शुरु से ही हीनता की भावना पैदा होती हैं ।

एक बच्चा अपने घर में आकर माता पिता से कहता है कि हमारे पास में जो बच्चा रहता है वह टाई और जूता पहन कर स्कूल जाता है, मोटर में स्कूल जाता है और हमारे पास कुछ नहीं है । इस तरह की तमाम चीजों-से बच्चों में शुरू से ही हीनता की भावना घर करती है । मैं जनता पार्टी की सरकार से यह कहना चाहता हूं कि वह बच्चों के मनो-विज्ञान को समझते हुए इस बात की घोषणा करे कि जनता पार्टी की सरकार इतने दिनों में कम-से-कम तमाम पब्लिक स्कूल न भी कर सके तो प्राथमिक शिक्षा में कम-से-कम समानता कर दे, और गणवेश में समानता कर दे । आज यनिफार्म एक तरह की नहीं है । एक बच्चा 50 रुपये गज के कपड़े की यूनिफार्म बनवाता है और साधारण मजदूर का बच्चा 2 रुपये मीटर का कपड़ा पहनता है । इससे बच्चों के मन पर बहुत असर पड़ता है ।

सबसे बड़ा भंयकर रोग निरक्षरता है और लोगों को शिक्षा न दे सकने का कारण त्रिभाषा फार्मूला है । हिन्दुस्तान को छोड़कर दुनिया में कोई ऐसा मुल्क नहीं है जहां त्रिभाषा फार्मूला लागू हो । एक छोटी कक्षा के विद्यार्थी को 3 भाषाएं पढ़नी पढ़ती हैं जो कि सबसे बड़ी बाधा है ।

मैं शिक्षा मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि इसके बारे में विचार करते समय वह आई० सी० एस० और आई० ए० एस० अधिकारियों को नहीं, बल्कि जो किसान, मजदूर और मास्टर हैं, उनको पास में बिठाएं और उससे डिस्कशन करें कि क्या वास्तव में त्रिभाषा फार्मूला सही है, या गलत है ? कम से-कम 8वीं और 10वीं कक्षा तक तो त्रिभाषा फार्मूला लागू नहीं होना चाहिये । जो मातृभाषा है, उसमें शिक्षा देनी चाहिये, वह उसको पढ़ाई जानी चाहिये । शिक्षा का सबसे बड़ा काम होता है, उसको सामान्य ज्ञान देना । लेकिन हमारे यहां राष्ट्रीय एकता के नाम पर, एक-दूसरे के झगड़े को दूर करने के नाम पर बच्चों पर इतना बोझ डाला जाता है । वह बिल्कुल नहीं समझता है, लेकिन उसको तीन भाषाएं पढ़ाई जाती है ।

मैं सभी संसद-सदस्यों से निवेदन करना चाहता हूं कि जरा बारीकी से देखें कि इस प्रकार से 40 करोड़ निरक्षरों को कैसे साक्षर बनाया जा सकेगा ? हिन्दुस्तान के आम बच्चों की पढ़ाई एक भाषा में होनी चाहिये और कम-से-कम दसवीं कक्षा तक तो एक भाषा की ही पढ़ाई होनी चाहिये । उसके बाद जो बच्चे दूसरी भाषा पढ़ना चाहें, उनको वह पढ़ाई जायें ।

सभापति महोदय, अगर हिन्दुस्तान की यह संसद, जो कि सबसे बड़ी पंचायत है, यह फैसला कर ले कि हम यहां पर अंग्रेजी का उपयोग नहीं करेंगे, क्योंकि तमाम लोग जो चुनकर आये है, सब ने जनता से वोट अपनी मातृभाषा में मांगे है, हो सकता है एक आध संसद्-सदस्य ने अंग्रेजी में वोट मांगे हों । लेकिन आज जो सब लोग अंग्रेजी की ओर जा रहे हैं, उसका असर यह हो रहा है है कि सारे हिन्दुस्तान की अवनति हो रही है । हो सकता है कि कुछ इससे सहमत नहीं होंगे, लेकिन मैं इस बात को सही मानता हूं कि

हिन्दुस्तान की गरीबी, भ्रष्टाचार और गैर-बराबरी का कारण अंग्रेजी प्रभुत्व ही है । हिन्दुस्तान के 2 प्रतिशत लोग अंग्रेजी जानते हैं, लेकिन आज हिन्दुस्तान पर अंग्रेजी छाई हुई है । इसलिये मैं अपने संसद्-सदस्यों से निवेदन करना चाहता हूं, कांग्रेस पार्टी के संसद-सदस्यों से भी कि वे लोग जहां से भी चुनकर आये हैं, चाहे दक्षिण में कहीं से हों उन्होंने वहां की जनता से वोट अपनी मातृभाषा, तमिल, तेलुगु, मलयालम में मांगें हैं, अंग्रेजी में कोई वोट मांगते नहीं है। (व्यवधान)

संसद्-सदस्यों को हिन्दी सिखाने की बात कही जाती है । कितनी खुशी की बात हो, अगर वे इस सदन के वाद-विवाद में अपनी मातृभाषा का प्रयोग करें, जिस में उन्होंने जनता से वोट मांगे थे । यहां अनुवाद की व्यवस्था है और दूसरे भाषा-भाषी लोग उन के भाषण का हिन्दी या अंग्रेजी अनुवाद सुन सकते है । रूस की पार्लियामेंट में वहां की सभी भाषाओं का अनुवाद होता है । अच्छा होता, अगर विज्ञान भवन की तरह अनुवाद की व्यवस्था इस सदन में भी होती । ऐसा करने पर हिन्दुस्तान तरक्की करेगा और यहा की गरीबी, भ्रष्टाचार और गैर-बराबरी समाप्त होगी ।

मेरा सुझाव है कि प्रौढ़ शिक्षा में प्रगति के लिए 18 वर्ष से 45 वर्ष के सभी सरकारी कर्मचारियों को अपनी नौकरी के अलावा एक घटे के लिए निरक्षर लोगों को शिक्षा देने के लिए कहा जाये । इसी प्रकार देश के 18 वर्ष से 45 वर्ष तक के सभी नागरिकों से एक एक घंटे का समय लिया जाये, जिस में वे बांध बनाने, लोगों को पढ़ाने और रेलवे की लाइन बिछाने आदि का कार्य करें । अगर इस तरह के कदम नहीं उठाये जायेंगे, तो हिन्दुस्तान तरक्की नहीं कर सकेगा, और देश जो परिवर्तन चाहता है, वह नहीं हो पायेगा । दुनिया के निरक्षरों की आधी आबादी हिन्दुस्तान में हो, इस से ज्यादा शर्मनाक बात और क्या हो सकती है ? 40 करोड़ निरक्षर लोगों को साक्षर बनाने के लिए यह जरूरी है कि सरकारी कर्मचारियों से एक घंटा निःशुल्क सेवा ली जाये ।

ज्यादा बच्चों को प्राथमिक शिक्षा देने के लिए स्कूल के घंटे पांच के बजाये ढाई कर दिये जायें । उस समय में बच्चों को सामान्य ज्ञान दिया जा सकता है । ऐसा करने पर दो शिफ्ट लगा कर उतने ही पैसों से दुगने विद्यार्थियों को शिक्षा दी जा सकती है ।

हमारे देश में एक बहुत बड़ी साजिश चल रही है । दुनिया के किसी मुल्क में इतना खराब परीक्षा-फल नहीं निकलता है, जितना कि हिन्दुस्तान में । जहां 100 में से केवल 25, 30 या 40 विद्यार्थी पास किये जाते हैं, जबकि अमरीका में 95 या 96 प्रतिशत परीक्षा-फल निकलता है, और अगर उस में 1 या 2 प्रतिशत कमी हो जाये, तो उस की जांच के लिए कमीशन बिठा दिया जाता है । मैं समझता हूं कि इस के पीछे आई० सी० एस०, आई० ए० एस० अफसरों और पिछली सरकार की साजिश रही है कि हिन्दुस्तान के नौजवानों की जवानी को बर्बाद किया जाये और वे पढ़-लिख न पायें, क्योंकि अगर वे पास हो कर अपनी शिक्षा पूरी कर लेंगे, तो वे नौकरी और काम मांगेंगे । शिक्षा मंत्री को इस साजिश को तोड़ने का प्रयास करना चाहिए ।

मेरा सुझाव है कि शिक्षा मंत्री प्रदेशों के मुख्य मंत्रियों और शिक्षाविदों से परामर्श कर के देश में वोकेशनल एजूकेशन के प्रसार की व्यवस्था करें । वर्तमान कालेजों को वोकेशनल कालेजों में बदल दिया जाये, ताकि वहां पर लड़के रिक्शा चलाने और सुधारने, कलर्क बनने, कृषि तथा अन्य पेशों के बारे में शिक्षा प्राप्त कर सकें, ताकि आगे चल कर वे अच्छे नागरिक बन सकें । 6ठी कक्षा

[श्री कल्याण जैन]

से कृषि की शिक्षा पर जोर देना चाहिये, जो हिन्दुस्तान के अन्दर बहुत कम है। चीन की तरक्की का कारण है 6ठी कक्षा से कृषि की शिक्षा देना। हिन्दुस्तान की अवनति का कारण है, कृषि की शिक्षा न देना। आज एग्रीकल्चर कालिजों में वे लड़के जाते हैं, जो सिर्फ नौकरी की इच्छा रखते हैं, 6ठी कक्षा से कृषि की शिक्षा प्रारम्भ की जानी चाहिये और उन लोगों को यह शिक्षा दी जाय जो खेतों में जा कर काम करें, जिस की व्यवस्था यहां नहीं है।

हिन्दुस्तान की गरीब जनता का पैसा हम डाक्टर और इंजीनियर बनाने में खर्च करते हैं। एक डाक्टर को बनाने में सवा लाख रुपये के करीब खर्च होता है। वह डाक्टर हमारे पैसे से शिक्षा लेता है लेकिन वह अपना ज्ञान विदेशों को देता है। हिन्दुस्तान के हजारों डाक्टर, हजारो इंजीनियर विदेशों में गये हुए हैं, जिन के ऊपर हम ने पैसा खर्च किया है। अमरीका, कैनाडा और इग्लैंड अरबों डालर की बचत करते है। हिन्दुस्तान और दक्षिण पूर्वी एशिया के देशों से डाक्टर और इंजीनियरों का आयात करते हैं। तो कम से कम यह नीति होनी चाहिये कि जिस के पैसे से शिक्षा ग्रहण करते हो, दस साल या पांच साल उस देश की सेवा करो। ...(व्यवधान).... अमरीका में डाक्टर को तैयार करने में चार लाख रुपये से ज्यादा खर्च होता है।

समय नहीं है, इस लिये मैं कुछ सुझाव संक्षेप में बता देता हूं। विश्वविद्यालय में शिक्षकों और विद्यार्थियों को प्रशासन में हिस्सा लेने के लिए अधिकार मिलना चाहिये। हमारे वाइस चांस्लर की तनख्वाह अमरीका के वाइस चांस्लर के समान है, लेकिन अमरीका के मास्टर की तनख्वाह और हिन्दुस्तान के मास्टर की तनख्वाह में जमीन आसमान का अन्तर है। मास्टर और वाइस चांस्लर की तनख्वाह में भी समानता होनी चाहिये। अनिवार्य हाजरी विश्वविद्यालय में खत्म होनी चाहिये। 18 वर्ष की आयु वालों को मत दान का अधिकार देना चाहिये। दुनिया के और मुल्कों ने इस प्रजातान्त्रिक प्रणाली को अपना लिया है। शिक्षा मंत्री और जनता पार्टी की सरकार इस बात के ऊपर ध्यान देगी जो कि हमारे घोषणा-पत्रों में भी कही गई है। छात्र संघों का चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली के द्वारा होना चाहिये। वाइस चांस्लर आई० ए० एस० और आइ० सी० एस० आफिसर्ज न हों। हिन्दुस्तान के बहुत सारे विश्वविद्यालयों में आइ० सी० एस० और आइ० ए० एस० वाइस चांस्लर बने हुए हैं।

एक बुनियादी प्रश्न के ऊपर सारे संसद मदस्यों को ध्यान देना चाहिये और वह यह है कि अध्यापकों और सरकारी कर्मचारियों को राजनीति के अन्दर भाग लेने की खुली छूट होनी चाहिये। इंग्लैंड की राजनीति को वहां के अध्यापक डामिनेट करते हैं। लेकिन हमारे यहां एक अध्यापक प्रोफेसर सड़क पर निकलता है तो सीटी बजाई जाती है। जब कि जर्मनी और जकोस्लोवेकिया के अन्दर प्रोफेसर निकलता है तो लड़का अदब के साथ सड़क पर खड़ा हो जाता है। मेरा निवेदन है कि अध्यापकों को राजनीति में भाग लेने की खुली छूट दी जाय। बहुत में ऐसे प्रदेश हैं जहां पर सरकार के द्वारा जिन स्कूलों और कालिजों को सहायता दी जाती है उन के अध्यापक राजनीति में भाग नहीं ले सकते हैं। हमारे मध्य प्रदेश के अन्दर ऐसा है। उत्तर प्रदेश के अन्दर ले सकते हैं, लेकिन मध्य प्रदेश में नही ले सकते हैं।

इसी प्रकार से यह कानून बनाना चाहिये कि टयूशन करने वाले को सजा मिले। एक

टयूशन करे तो उसको एक महीने की सजा हो, इससे छोटी सजा भी दी जा सकती है, बाद में बड़ी सजा दी जा सकती है । यह भी भ्रष्टाचार का एक बहुत बड़ा कारण बना हुआ है । जाति और सम्प्रदाय के नाम से जो स्कूल और कालिज खुले हुए हैं, वे समाप्त होने चाहिये । विश्व-विद्यालय अनुदान आयोग पैसा सीधे राज्य सरकारों को दें । किसी कालिज को सीधे पैसा न दे, जो अभी तक दिया जा रहा है ।

इसी प्रकर संसद् सदस्यों से मेरा निवेदन है कि हिन्दुस्तान के अन्दर लोग साक्षर बनें, यहां की गरीबी मिटे और यहां पर व्याप्त भ्रष्टाचार मिटे और गैर-बराबरी मिटे । वह तब मिटेगी जब तमाम संसद् सदस्य अपनी-अपनी मातृभाषा की वकालत करेंगे और अंग्रेजी का विरोध करेंगे । हिन्दुस्तान की तमाम बुराइयों का कारण अंग्रेजी है । अंग्रेजी को समाप्त कीजिये । अंग्रेजी उसीको पढ़ने का मौका दीजिये जो पढ़ने की इच्छा रखता है । इस अंग्रेजी ने आज हिन्दुस्तान के करोड़ों नौजवानों को बुद्धू बना दिया है । उसमें हम में से भी बहुत सारे लोग हो सकते हैं । इन शब्दों के साथ मैं इन अनुदानों का समर्थन करता हूं ।

श्री गेव एम० अवारी (नागपुर) : सभापति महोदय, अब तो यह निर्विवाद बात हो गई है और सब लोग यह मानने लगे हैं कि शिक्षा का महत्व देश के विकास में बहुत ज्यादा है। जब सभी इस बात को मानते हैं तो इस बात पर इस दृष्टि से विचार करना बहुत आवश्यक है। जिस तरह से देश के आगे आने के लिये, उस का विकास करने के लिये हमें संरक्षण की जरूरत होती है और इण्डस्ट्रीज को बढ़ाने की जरूरत होती है, उसी तरह से उसी दृष्टिकोण से शिक्षा को भी लिया जाये, तो मैं समझूंगा कि इस बारे में एक राय सारे राष्ट्र में है कि दलगत नीतियों से इसे न देख कर पूरे देश के फायदे की दृष्टि से देखा जाये और उस तरह देखेंगे तो यह पता चलेगा कि इस में आमूल बदल आना बहुत आवश्यक है। मैं मानता हूं कि पिछले तीस वर्षों में जितनी जोरदार बदल आनी चाहिए, वह नहीं आ सकी। इसके लिये बहुत सारे कारण भी रहे हैं, उन में मैं नहीं जाऊंगा लेकिन यह मैं जरूर कहूंगा, जो कि नितान्त आवश्यक है, कि हम पूरे शिक्षा क्षेत्र में आमूल परिवर्तन लाने की कोशिश करें । आप इस बात को जानते हैं कि जब से छोटे बच्चों की शिक्षा आरम्भ होती है, तभी से वह देश का नागरिक बनना शुरू होता है, लेकिन हमारे यहां प्राइमरी, माध्यमिक और उच्च-माध्यमिक क्षेत्र में उतना ध्यान शिक्षा पर नहीं दिय जाता है, जितना देना चाहिये। आज जो बच्चा स्कूल से जाता है उस को केवल तीन घन्टे शिक्षा दी जाती है, उसका बाकी का समय व्यर्थ जाता है, बाकी के समय में उसको देश का अच्छा नागरिक बनने की शिक्षा नहीं मिलती है, जो संस्कार उसमें पड़ने चाहियें, वे नहीं पड़ पाते हैं और वह दूसरी बुराइयों की तरफ़ चला जाता है। मेरा सुझाव है कि हमारा हर बच्चा 8 घन्टे तक स्कूल में रहे और शिक्षा प्राप्त करे। मैं इस बात को जानता हूं कि इस तरह की शिक्षा प्रणाली लाने के लिये बहुत खर्चा करना पड़ेगा। सरकार तो पहले ही कह रही है कि हमारे पास इतना पैसा नहीं है कि शिक्षा की तमाम जरूरतो को पूरा कर सकें। लेकिन इसके बारे में हम को सोचना चाहिए—जो छोटा बच्चा सुबह स्कूल जाये, उस को दोपहर का खाना दिया जाये, नाश्ता दिया जाये, 8–9 घन्टे स्कूल में पढ़ने के बाद वह शाम को लौटे—मैं समझता हूं इस से बच्चे पर बहुत अच्छे संस्कार पड़ेंगे और वह एक अच्छा नागरिक बन सकेगा।

16.35 hrs.

[SHRI SONU SINGH PATIL *in the Chair*]

हमारे गरीब और निर्धन लोग बड़ी मेहनत करके अपने बच्चों को स्कूल और

[श्री गेब एम० ग्वारी]

कालेजों में पढ़ने के लिये भेजते हैं—तीन घन्टे की इस पढ़ाई के बाद जब बच्चा बाहर निकले और उसे नौकरी न मिल सके, तब मां-बाप के हृदय पर चोट लगती है। इसका कारण यही है कि उसको शिक्षा ठीक ढंग से नहीं दी गई, ऐसी शिक्षा नहीं दी गई, जिसके बल पर वह अपने पैरों पर खड़ा हो सके। इस देश की शिक्षा का सीधा सम्बन्ध रोजगार से न होने के कारण आज बेकारों की लाइन लगी हुई है। मेरा सब से पहला सुझाव है कि इस का राष्ट्रीयकरण किया जाये। राष्ट्रीयकरण से मेरा यह मतलब नहीं है, जैसा दूसरी चीजों में राष्ट्रीयकरण हुआ और राष्ट्रीयकरण के बाद उन की स्थिति और ज्यादा बिगड़ गई। मेरा मतलब यह है कि शिक्षण संस्थाओं में प्राइवेट मैनेजमेन्ट नहीं होना चाहिए। कई जगहों पर राज्य सरकारों ने मैनेजमेन्ट अपने हाथ में लिया, लेकिन उस में भी उन्होंने प्राइवेट मैनेजर्ज को रखा—जिनके कारण वहां बहुत भ्रष्टाचार पैदा हुआ, गड़बड़ी पैदा हुई। इन मैनेजर्ज की गड़बड़ी को दूर करने के लिये इन का राष्ट्रीयकरण होना चाहिए।

एक जगह यह भी मांग आई कि हमारा शिक्षण क्षेत्र पूरा स्वायत्त होना चाहिए, जैसा बड़े-बड़े देशों में, अमरीका और दूसरे देशों में है, यह पूरी तरह से स्वायत्त शिक्षा क्षेत्र होना चाहिए।

एक बार पूज्य विनोबा जी ने राष्ट्रीय शिक्षण सम्मेलन बुलाया था—उसमें उन्होंने बहुत अच्छे सुझाव दिये थे। उनका पहला सुझाव था कि सारे राष्ट्र का शिक्षण एक होना चाहिए, अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग नहीं होना चाहिए। इसके लिये शायद हमें संविधान में संशोधन करना पड़ेगा। हमारे संविधान में शिक्षा के क्षेत्र को कानकरेन्ट लिस्ट में रखा गया है, इसको सीधे सेन्ट्रल लिस्ट में रखा जाना चाहिए, स्टेट के हाथ से इस को निकाल देना चाहिए। इससे राष्ट्रीय इन्टीग्रेशन में बहुत फायदा होगा।

दूसरा महत्वपूर्ण सुझाव उन्होंने यह दिया था कि एक बार शिक्षा के सेन्ट्रल लिस्ट में आने के बाद जैसे जुडीशियरी में व्यवस्था है, वैसी व्यवस्था यहां भी होनी चाहिए। जैसे जजों की पगार, उनका मैनेजमेन्ट, बिल्डिंग फण्ड—ये सब सरकार देती है, लेकिन जज लोग जजमेन्ट देने में स्वतन्त्र होते हैं, उसी तरह की व्यवस्था शिक्षा क्षेत्र में होनी चाहिये। शिक्षकों की पगार, उन के बाल-बच्चों की शिक्षा, स्कूल का मैनेजमेन्ट सरकार के अपने अनुदान से, अपने पैसे से होना चाहिए, लेकिन जहां तक पाठ्यक्रम और पुस्तकें बनाने की बात है, तीन या चार साल का डिग्री कोर्स बनाने की बात है, इन सब बातों के लिये स्वायत्त बोर्ड हो, वह बोर्ड सरकार के हाथ में न हो, स्वायत्त हो, जिस में शिक्षा-विद हों, सरकार के प्रतिनिधि हों, विद्यार्थियों के प्रतिनिधि हों, शिक्षकों के प्रतिनिधि हों, बालकों के अभिभावकों के प्रतिनिधि हों और यह बोर्ड जो निर्णय करे, वह सरकार को मान्य हो।

यह बहुत सुन्दर योजना है—जब तक ऐसी व्यवस्था हम इस देश में नहीं कर पायेंगे, शिक्षा के क्षेत्र में उन्नति नहीं होगी। इस काम को करने में बहुत सी तकलीफें आयेंगी—सब से पहली तकलीफ़ तो पैसे की है, हमारे पास पैसा नहीं है। मैं इसके लिए भी एक सुझाव देना चाहता हूं—हम पैसे के लिये टैक्सेज बढ़ाते हैं—यहां भी हम इस तरह से कर सकते हैं—जो लोग सालाना पांच हजार रुपये कमाते हैं हम उन से विनती करें कि बच्चों की शिक्षा बढ़ाने के लिए हमें पैसा दीजिए। जैसा कि महात्मा गांधी ने कहा कि अमीरों को अपने अपने पैसे का ट्रस्टी होना चाहिए जिससे कि गरीबों का फायदा हो सके। अगर क पुअर स्टयुडेन्ट्स फण्ड निकाल सकें

तो उससे बहुत फायदा हो सकता है। प्राथमिक, माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक स्कूल के बच्चों को खाना भी स्कूलों में ही मिलना चाहिए ताकि गरीब बच्चे भी पैसे वालों के बच्चों की तरह शिक्षा ले सकें। यह हमारा गोल होना चाहिए। हम यह नहीं कहते कि यह अभी करो या एक साल के अन्दर करो लेकिन आप इसकी शुरुआत तो ठीक से करो।

हम अपने मंत्री महोदय से कहना चाहते हैं कि जो हमारी शिक्षा पद्धति है, यह ऐसी होनी चाहिए जिससे नौकरी में फायदा हो। नौकरी के लिए वोकेशनल गाइडेंस सेन्टर खोलने की आवश्यकता है जिससे कि शिक्षा प्राप्त करने के बाद वे छोटे-मोटे उद्योग धंधों में लग सकें। आप जानते हैं कि आजकल हमारे देश में उद्योगों का विकास हो रहा है, आर्थिक विकास हो रहा है। इंडस्ट्रीज बढ़ रही हैं। इस बजट में शिक्षा के लिए जो अनुदान दिखाया गया है वह बहुत कम हैं। इसको बढ़ा कर सारे राष्ट्र में वोकेशनल गाइडेंस सेन्टर्स खोले जाने चाहिएं। यह हमारी मांग है। टेन प्लस टू एजूशकेन सिस्टम आया है। यह ठीक है। लेकिन आज हमारे बच्चों को गांवों में खाना नहीं मिलता है फिर वे कैसे इस शिक्षा पद्धति से फायदा उठा सकते हैं। उनके मां बाप के पास पहले उनके खाने की समस्या है। ये सारी बातें आज हमारे सामने हैं। कुछ बच्चे बहुत होशियार होते हैं, वे काम करना जानते हैं। उन्हें बताया जाए कि मेट्रिक तक पढ़ कर तुम्हें यह फायदा होने वाला है। अगर आप उनको मिडिल तक ही ज्ञान दिलवा दें, अंग्रेजी, मेथेमेटिक्स वगैरह वगैरह पढ़ा दें और उसके बाद छोटे-मोटे उद्योग धंधे में डाल दें तो इससे उनको बहुत फायदा होने वाला है। अगर किसी बच्चे को आगे बढ़ना है तो जरूर वह आगे बढ़े और उसको उसकी शिक्षा दी जाए।

अध्यक्ष महोदय, अन्त में मैं इतना ही कहूंगा सोशल वेल्फेयर में बहुत सारी बातें आती हैं। इसके बारे हमारी राय यह है कि महिलाओं की शिक्षा पर अपर्याप्त मात्रा में ध्यान दिया जा रहा है। इस पर और ध्यान दिया जाना चाहिए।

आखिरी मांग मेरी यह है कि सोशल वेल्फेयर, एजुकेशन, कल्चर के बजट पर आठ-सात घंटे का ही समय रखा गया है जब कि यह इतने महत्व का विषय है कि इस पर 15 दिन चर्चा होनी चाहिए थी। इतने महत्व के विषय पर इतना कम समय दिया जा रहा है तो आगे चल कर क्या होगा। यह बहुत महत्व का विषय है और इसके लिए मैं समझता हूं कि बजट में प्राविजन डबल होना चाहिए तभी इस देश की शिक्षा में कुछ प्रगति हो सकेगी।

इतना कह कर मैं अपना स्थान लेता हूं।

श्री राम प्रकाश त्रिपाठी (बलोज) : अधिष्ठाता महोदय, मैं, शिक्षा मंत्री महोदय द्वारा जो शिक्षा की मांगें रखी गयी हैं, उनका समर्थन करने क लिए खड़ा हुआ हूं। सब से पहले मैं आपको धन्यवाद देना चाहता हू कि आपने मुझे अपने विचार प्रकट करने का अवसर दिया।

अधिष्ठाता महोदय, शिक्षा के बारे में, देश में राष्ट्रपति से लेकर सार्वजनिक और राजनीतिक कार्यकर्ता तक सभी लोग बराबर कहते रहे हैं, बड़े जोर से चिल्लाते रहे हैं कि शिक्षा में क्रान्तिकारी परिवर्तन होना चाहिए, शिक्षा में आमूलचूल परिवर्तन होना चाहिए। जितने भी शिक्षा मंत्री आये सभी ने एक ही बात कही लेकिन आज तक शिक्षा के क्षेत्र में परिवर्तन नहीं हुआ। वर्तमान जनता सरकार के शिक्षा मंत्री ने भी अपना दृष्टिकोण स्पष्ट किया है लेकिन ऐसा महसूस नहीं होता कि शिक्षा में आमूलचूल परिवर्तन आएगा। किन्तु मैं आशा करता हूं कि हमारे

[श्री राम प्रकाश त्रिपाठी]

माननीय शिक्षा मंत्री जी आने वाले समय में इस दिशा में कुछ विचार करेंगे ।

शिक्षा के क्षेत्र में किस तरह से काम हुआ है, उस के बारे में राष्ट्रपति जी भी कहते रहे और दूसरे मंत्रीगण भी कहते रहे । अध्यक्ष महोदय, मैं अपने उत्तर प्रदेश के ग्रामीण इलाके की एक छोटी सी कहानी कहना चाहता हूं । ग्रामीण इलाके में तेली अपना कोल्हू चलाते हैं । कोल्हू से सरसों से तेल निकाला जाता है । कोल्हू को बैल से चलाया जाता है और कोल्हू के पीछे एक पत्थर रख देते हैं जिससे बैल को या लगे कि पीछे ड्राइवर बैठा हुआ है । एक गांव में हमारे एक कांग्रेसी मंत्री गये । उन्होंने देखा कि तेली आराम से बैठा हुआ है और कोल्हू चल रहा है । तेली से मंत्री जी ने पूछा कि तुम्हारे पास कोई काम नहीं है, उसने कहा कि काम तो मेरा हो रहा है । हमारा कोल्हू चल रहा है। मंत्री जी ने पूछा यह बताओ कि तुम्हें यह किस तरह अंदाज है कि तुम्हारा यह बैल चलता ही रहेगा । उसने बताया कि हमने बैल की गर्दन में एक घंटी बांध रखी है और जब बैल चलता है तो घंटी बजती है और मैं समझ लेता हूं कि बैल चल रहा है । कांग्रेसी मंत्री ने कहा कि तुम यह बताओ कि तुम्हारा बैल अगर खड़े खड़े ही गर्दन हिलाने लगे और घंटी बजने लगे तो क्या करोगे ? हाथ पर हाथ धरे बैठे रहेंगे यही जवाब हो सकता है । तीस साल तक खड़े खड़े बैल ने घंटी बजाई है और विकास कुछ नहीं हुआ । शिक्षा के बारे में बराबर एक ही बात कही गई है कि शिक्षा में परिवर्तन होगा, आमूलचूल परिवर्तन होगा, क्रान्तिकारी परिवर्तन होगा । किन्तु वे परिवर्तन तो दूर कुछ भी परिवर्तन अभी तक शिक्षा के क्षेत्र में हुआ हो यह दिखाई नहीं देता है । छोटा मोटा परिवर्तन जिसमें ई की मात्रा को इधर से उधर और उधर से इधर कर दिया गया, विषय बदल दिया गया और कोई भी मूलभूत परिवर्तन जो शिक्षा में होना चाहिये था नहीं हुआ । यही कारण है कि देश में जो योजनायें बनी, पुल, उद्योग धंधे, नक्शे बनाने की वे तो बनाई गई लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि देश में मनुष्य को मनुष्य बनाने की जो फैक्ट्री थी जिसमें मनुष्य बनता है उस की ओर वास्तव में सरकार बिल्कुल भी ध्यान नहीं दे पाई । कांग्रेस के एक माननीय सदस्य बड़ी तेजी से कह रहे थे कि आखिर जनता सरकार की कोई योजना है ? मैं उनसे कहना चाहता हूं कि तीस साल तक एक डाक्टर ने इस मर्ज का इलाज किया है, यह देश बुरी तरह मर्ज से पीड़ित था, आपने तीस साल इसका इलाज किया और मर्ज ठीक होने के बजाय और भी गम्भीर हो गया और आपने उस मरीज को इस स्थिति में ला कर खड़ा कर दिया कि रोग ठीक होने के बजाय पिछले उन्नीस महीने में मरीज को पागल बना दिया है और देश को ही पागल आपने बना दिया था । मरीज ने आज डाक्टर बदला है । एक डाक्टर ने तीस साल तक दवा दी मर्ज ठीक नहीं हुआ । अब दूसरे डाक्टर को तीस महीने तो दवा करने दें । मैं आशा करता हूं कि वर्तमान शिक्षा मंत्री और सरकार इस दिशा में निश्चित रूप से कोई ठोस कदम उठाएगे ।

आज सब से बड़ी आवश्यकता मैं यह महसूस कर रहा हूं कि– हमारी शिक्षा जाब ओरिएंटिड होनी चाहिये, उद्योग धंधो के साथ उसका जुड़ा हुआ होना चाहिये । प्राइमरी से ले कर हायर सैकेंडरी तक निश्चित विषयों के साथ कोई छोटा धंधा लगा हुआ होना चाहिये और बच्चे को अपने पाठ्यक्रम के साथ साथ हाथ का कोई कार्य सिखाया जाना चाहिये । इस प्रकार की शिक्षा जब तक आप विद्यालयों में और विश्वविद्यालयों में शिक्षा के साथ साथ विद्यार्थी को नहीं देंगे तब तक देश का कल्याण नहीं हो सकेगा ।

एक बीमारी की शिकायत माननीय सदस्यों ने की है । उन्होंने कहा है कि शिक्षण संस्थाओं में अनुशासनहीनता है । एक माननीय सदस्य ने कहा कि वहां पर मानव की जगह दानव बन रहे हैं । दानव बनने के एक-दो मूल कारण हैं । सबसे बड़ी चीज बेकारी है । शिक्षण संस्थाओं से जब नौजवान विद्यार्थी अपने माता-पिता की गाढी कमाई का सौ दो सौ रुपया माहवार खर्च करके बाहर निकलता है और बाहर निकल कर उसे जब कोई नौकरी नहीं मिलती है तो उसे बड़ी निराशा होती है । विद्यार्थियों को चूंकि भविष्य अन्धकारमय नजर आता है इन कारणों से भी उनमें असन्तोष पैदा होता है । इस असन्तोष को दबाने के लिए अभी तक की सरकार पुलिस का, पी ए सी का और लाठी डंडे का, हिंसा का सहारा लेती रही और इसी तरह से इस असन्तोष को दबाने की चेष्टा की । विद्यालयों और विश्वविद्यालयों के अन्दर पुलिस के घुसने को मैं उतना ही गलत मानता हूं जितना मंदिर के अन्दर गोश्त के जाने को । मंदिर में जिस प्रकार से गोश्त जैसी पैशाचिक प्रवृत्तियां निषिद्ध हैं इसी प्रकार से वहां अगर पुलिस के जरिये कंट्रोल करने की कोशिश की जाएगी तो छात्र जगत और भी अधिक उद्वेलित और आन्दोलित होता जाएगा । सबसे बड़ी आवश्यकता इस वास्ते यह है कि हम शिक्षा को किसी उद्योग के साथ जोड़ें, और जैसा मेरे मित्र बता रहे थे और उनके सुझाव के साथ मैं भी सहमत हूं कि शिक्षा के साथ खिलवाड़ न की जाए और शिक्षा के लिए एक स्वायत शासी बोर्ड बनाया जाए जिसमें देश के उच्च शिक्षाविद, शिक्षा शास्त्री, विद्यार्थियों के प्रतिनिधि, शिक्षकों के प्रतिनिधि रखे जाएं और शिक्षा प्रणाली पर गम्भीरता के साथ उनके विचारों को सुना जाए और सुन कर सरकार उन्हें देश के अन्दर लागू करे ।

विद्यालयों में भ्रष्टाचार के सम्बन्ध में कई माननीय सदस्यों ने शिकायत की है। उसका मूल कारण वर्तमान प्रबन्ध तन्त्र है जिसके जिम्मे हमने शिक्षा की जिम्मेदारी सौंप रखी है। एक छोटी सी बात मैं कहना चाहता हूं कि जब बच्चा छोटा होता है तो उसको जब साइकिल सीखनी होती है तो उसको तीन पहिये की साइकिल दी जाती है। उस पर वह सीख तो सकता है लेकिन गति नहीं पकड़ सकता। इसी प्रकार इस शिक्षा पद्धति में तीन पहिये लगे हुए हैं—एक मैनेजमेंट, दूसरी सरकार और तीसरा टीचर्स स्टाफ और अन्य कर्मचारी। अगर शिक्षा जगत की साइकिल को स्पीड देनी हैं तो सरकार शिक्षण संस्थाओं को सीधे अपने हाथ में ले और बीच में जो मैनेजमेंट के लोग हैं इनको खत्म किया जाय। कुछ संस्थायें हो सकता है अच्छी हों जिनको हमारे देश के महान व्यक्तियों ने बड़े अरमान से शुरू किया, पुराने ऋषियों और राजनीतिक नेताओं ने उनको स्थापित किया। लेकिन आजकल जो शिक्षा के नाम पर तमाम दुकानें जगह जगह पर खोल कर लोग बैठे हुए हैं उनको सरकार को सीधे अपने हाथ में ले कर चलाना चाहिये। उत्तर प्रदेश में मैं जानता हूं कि ज्यादातर विद्यालयों में सरकार शिक्षकों को वेतन के लिये पूरा पैसा देने लग गई है, लेकिन मैनेजमेंट वाले टीचर्स को तनख्वाह कम देते हैं और दस्तखत उनसे ज्यादा रुपये के लिये जाते हैं। नीचे की श्रेणी के कर्मचारियों के फर्जी नाम लिख कर उसका पैसा खा जाते हैं। इस सब का एकमात्र सुझाव यही है कि शिक्षा को सीधे अपने कण्ट्रोल में लिया जाये।

चूंकि शिक्षा और समाज कल्याण दोनों एक ही गाड़ी के दो पहिये हैं, शिक्षा को मानव जीवन के साथ हम वह गम्भीरता अब तक नहीं दे पाये हैं जो कि देनी चाहिये। महाभारत की एक कथा मुझे याद आती है कि जिस समय युधिष्ठर पढ़ने गये तो उनके गुरू जी ने तीन पाठ दिये थे पूरी कक्षा को याद करने के लिये। दूसरे दिन सब विद्यार्थी आये, गुरू जी ने पूछा

[श्री राम प्रकाश त्रिपाठी]

कि किसने कितने पाठ याद किये। तमाम से कहा कि हमने तीनों याद किये। लेकिन युधिष्ठर महाराज खड़े हुए और कहने लगे कि हमने केवल दो पाठ ही याद किये। गुरू जी ने पूछा कि कौन से याद किये और तीसरा पाठ क्यों नहीं याद किया? जब उनको दण्ड दिया गया तो युधिष्ठर कहने लगे कि हमने डेढ़ पाठ ही याद किये गुरू जी ने कारण पूछा तो युधिष्ठर महाराज ने कहा कि आपने कहा था कि सदा सच बोलो, इसलिये वह तो मैंने जीवन भर के लिये याद कर लिया कि कभी झूठ नहीं बोलूंगा। और दूसरा जो पाठ बताया था कि किसी पर क्रोध न करो तो जब निर्दोष होने पर आपने मुझे दण्ड दिया तो आधा ही मुझे याद रहा और आधा भूल गया क्योंकि मुझे क्रोध आने लगा था। तो शिक्षा मनुष्य के निर्माण की जो चीज है उसको ऊपर से जिस प्रकार थोपने का प्रयास किया गया है वह नहीं होना चाहिये।

इस देश के अन्दर जो मूक क्रांति हुई है लोक सभा चुनाव में, खास तौर से विद्यार्थियों ने बड़ी लालसा से अपना खून बहाया जिसके कारण सत्ता बदली है। वह आशा लगाये हैं कि हमारी सरकार हमारे उज्जवल भविष्य के बारे में जरूर कुछ करेगी, और जो बेकारी के अन्धकार में बुरी तरह भटक रहे हैं, कितनों के माता पिता परेशान हैं जिनका कोई भविष्य नहीं है ऐसे बच्चों की ओर गम्भीरता से हमारी सरकार सोच कर जिस आमूलचूल परिवर्तन करने की घोषणा कांग्रेस सरकार करती रही है उसे एक साल के अन्दर कर के दिखायेगी।

इन शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं और शिक्षा अनुदान का समर्थन करता हूं।

श्री नाथू सिंह (दौसा) : माननीय सभापति जी, शिक्षा समाज के लिये बहुत ही महत्वपूर्ण आवश्यकता है। इसलिये शिक्षा पर होना तो यह चाहिये था कि सब से अधिक बहस इसी पर होती। लेकिन इसे केवल आज का दिन ही दिया गया। शिक्षा जिससे समाज और देश बनता है, चाहे कोई भी देश हो, यदि कोई देश विकास करता है तो पहले वह उस देश की शिक्षा को सुधारता है। चाहे वह जापान हो, अमरीका हो, रूस हो या चीन हो, सबने पहले शिक्षा पर ध्यान दिया। लेकिन दुख की बात है कि हमारे देश में 1947 से ले कर आज तक शिक्षा के बारे में कहा गया कि इस पर ध्यान दिया जा रहा है, इसमें सुधार होना चाहिये, लेकिन कुछ नहीं किया गया। गांधी जी की जो बात कहते हैं, उनका नाम केवल वोट लेने के लिये तो याद रखा गया लेनिक उन्होंने जो काम बताये थे उनको नहीं किया गया। गांधी जी ने शिक्षा के बारे में कहा था कि यहां पर तीन एच टाइप शिक्षा चाहिये —हैड, हैंड और हार्ट क्योंकि सब लोग, संसद सदस्य शिक्षा के बारे में एक बात कह रहे हैं कि शिक्षा जाब-ओरिएण्टेड होनी चाहिये। मैं इसका विरोध नहीं करता, वह शिक्षा किस काम की जिसका कल निश्चित न हो। जाब-ओरिएरण्टेड के साथ साथ आपने डाक्टर और इंजीनियर बना दिये, डाक्टर अस्पताल में काम कर रहा है, इंजीनियर अपने फील्ड में काम कर रहा है, टैक्नीशियन काम कर रहे हैं। पिछले दिनों आपने कहानी सुनी होंगी कि नवाबों में मिलावट हुई। क्यों हुई? क्योंकि जाब-ओरिएंटेण्ड को जाब तो मिल गये, लेकिन जो कमी है वह यह कि उसे मोरल की शिक्षा नहीं मिली है।

इसलिये शिक्षा में "हैड" से हमारा मतलब है कि व्यक्ति का मानसिक विकास होना चाहिये, "हैंड" से मतलब है व्यक्तियों का हाथों का और शारीरिक विकास पूरा होना चाहिये और "हार्ट" का मतलब है हृदय यानी बच्चों को मोरल की भी शिक्षा होनी चाहिये कि उसका चरित्र कैसा हो।

पुराने जमाने में जो शिक्षा दी जाती थी, उससे अनुशासन अपने आप उन लोगों में

आता था। कौन अनुशासनहीनता करता था ? लेकिन आज अनुशासनहीनता हो रही है। अनुशासनहीनता पुलिस के डण्डे या जोर-जबर्दस्ती से समाप्त नहीं की जा सकती है। लेकिन मोरल उनका होना चहिये, चरित्र बनना चाहिये। इसकी सबसे ज्यादा जरूरत है।

पिछले दिनों आपात्कालीन स्थिति लागू हो गई, इसका कारण और कुछ नहीं, इस देश में शिक्षा की कमी को मैं इसका कारण मानता हूं। इन लोगों में मोरल नहीं था, जिन्होंने आपात कालीन स्थिति की घोषणा की और उसका समर्थन किया। उन लोगों में अगर नैतिकता होती तो जो अत्याचार हम पर हुए वह न होते। इस देश में जो डैमोक्रेसी का गला घोंटने की कोशिश की गई थी, वह लोग डैमोक्रेसी का अर्थ नहीं समझते थे, यानी उन्हें शिक्षा मिली ही नहीं कि डैमोक्रेसी क्या होती है। इसलिए हर विद्यार्थी को आज मोरल की शिक्षा दी जानी चाहिये। बल्कि मैं तो यह कहूंगा कि देश के हर व्यक्ति को शिक्षा दिये जाने की आवश्यकता है।

मेरा मतलब यह है कि शिक्षा केवल विश्वविद्यालय तक ही सीमित न रहे, शिक्षा हर जगह, खेत, इंडस्ट्री, गांव, दुकान हर क्षेत्र में हर स्थान पर शिक्षा मिले। विश्व-विद्यालय में दो घंटे शिक्षा प्राप्त करने की जरूरत है, बाकी शिक्षा खेत और इंडस्ट्री में मिलनी चाहिये।

गांधी जी ने भी कहा था कि एक जगह, एक कमरे में बन्द होकर शिक्षा देने की आवश्यकता, नहीं है। जो पढ़ाया जाये, उसे फील्ड में करके दिखाया जाए इस बात की आवश्यकता है।

संविधान में यह रखा गया था कि 14 वर्ष तक के बच्चों को 10 वर्ष में निशुल्क शिक्षा पूरी मिल जायेगी, लेकिन आज 27 बरस तक भी निःशुल्क शिक्षा इस देश के बच्चों को नहीं मिलती है।

शहर के लोग तो अपने बच्चों को पढ़ा लेते है लेकिन गांव वाले इसलिए अपने बच्चों को शिक्षा नहीं देते कि थोड़ी शिक्षा बच्चे को दी जायेगी तो वह खेत में काम करने लायक नहीं रहेगा। इसलिए न तो वह उन्हें पढ़ा पाते है और न वह खेती ठीक ढंग से कर पाता है यह विचार किसान के मन में रहता है। इसलिए गांव में स्कूल खोलने चाहियें, हर गांव में एक स्कूल होना चाहिये। आज इस देश को स्वतन्त्रता प्राप्त किये इतने दिन हो गये, लेकिन आज भी इस देश में 60 प्रतिशत लोग अशिक्षित है। इतने अशिक्षित लोग होते हुये हमारे देश में डैमोक्रेसी कैसे चल सकती है और कैसे उसका विकास हो सकता है ?

17.00 hrs.

हमारे देश में शहरों में कालेजों और विश्वविद्यालयों की तरफ ही अधिक ध्यान दिया जाता है और गांवों में शिक्षा की उपेक्षा की जाती है। मैंने गांवों में देखा है कि लोगों ने पैसा इकट्ठा कर के स्कूल-भवन बना दिये हैं, विद्यार्थी तैयार हैं, लेकिन दुर्भाग्य की बात हैं कि सरकार उन्हें अध्यापक नहीं दे सकती है। जहां स्कूल-भवन है, अध्यापक और विद्यार्थी भी हैं, वहां आवश्यक सामान नहीं है। इसलिए आज सरकार को यह निर्णय लेना चाहिये कि हर गांव में एक स्कूल खोला जाये।

हमारे देश में महिलाओं की शिक्षा पर ध्यान नहीं दिया जाता है। हमारे देश में महिलायें बहुत अधिक सख्या में अशि-क्षित है। इसी का परिणाम ये है कि अधिकतर मातायें यह नहीं जानती कि अपने बच्चों को क्या सिखायें। इस स्थिति में

[श्री नाथू सिंह]

हमारे बच्चों का भविष्य कैसे बन सकता है ? बच्चा अपनी पहली शिक्षा घर से लेता है । इसलिए सबसे पहले महिलाओं को शिक्षा देना बहुत जरूरी है । शहरों में तो लड़कियां स्कूलों में जाती है, लेकिन गांवों में नारी-शिक्षा की ओर अधिक ध्यान नहीं दिया गया है ।

हमारे गांवों में शिक्षा हिन्दी में दी जाती है । लेकिन नौकरी के लिए परीक्षा अंग्रेजी में होती है । इसलिए गांव का एक विद्यार्थी इंगलिश स्कूलों के लड़कों के साथ काम्पीटीशन में नहीं बैठ सकता है । भले ही उसका मानसिक विकास और शारीरिक क्षमता अधिक हो, लेकिन चूकि वह अंग्रेजी नहीं बोल सकता है, इसलिए वह आई० ए० एस० या आई० एफ० एस० अफसर नही बन-सकता है । समझ में नहीं आता है कि हिन्दुस्तान में आज भी अंग्रेजी की आवश्य-कता क्यों महसूस की जा रही है । क्यों नहीं पूरी शिक्षा हिन्दी में दी जाती है ? इसकी व्यवस्था की जानी चाहिये ।

मैट्रिक तक की शिक्षा बिल्कुल नि:-शुल्क होनी चाहिये, और उस शिक्षा में सामान्य ज्ञान, विभिन्न भाषाओं की शिक्षा और मारल्स की शिक्षा का समावेश होना चाहिये । उसके बाद हायर सेकेंडरी की शिक्षा जाब-ओरिएंटिड होनी चाहिये । जापान में इंडस्ट्री वहां के विश्वविद्यालयों से मांग करती है कि हमें इस तरह के टेकनीशन या इंजीनियर चाहिये, या इस प्रकार के अफसर चाहिये । विश्वविद्यालय उसी के अनुसार विद्यार्थी तैयार करते है और इसका पूरा खर्चा इडस्ट्री वहन करती है, सर-कार नहीं । उसके बाद वे व्यक्ति इंडस्ट्री में जाकर अच्छा काम कर सकते है । इसी प्रकार यहां भी शिक्षा को जाब-ओरिएंटिड बनाया जाना चाहिये ।

शिक्षा में जो असमानता है, उसको दूर करना चहिये । आज राजस्थान विश्व-विद्यालय में एक ही विषय में एक चीज पढ़ाई जाती है, और बिहार विश्वविद्यालय तथा दिल्ली विश्वविद्यालय में दूसरी चीज । एक ही देश में ऐसा नहीं होना चाहिए । विभिन्न राज्यों में हिन्दी या वहां की स्था-नीय भाषाओं में शिक्षा दी जाये, लेकिन सभी विश्वविद्यालयों में एक विषय का पाठ्यक्रम समान होना चाहिये । आज लोक अनुशासन की बात करते हैं । अनुशासन के बारे में विद्यार्थियों को दोषी ठहराया जाता है कि वे अनुशासन-हीन है । लेकिन मैं कहूंगा कि अनुशासन-हीनता की जड़ विद्यार्थी नहीं है । इस की जड़ इस से पहले वाली सरकार रही है । ये विद्यार्थी कितनी बड़ी संख्या में बेरोजगार हैं । मैं आंकड़ों के चक्कर में ज्यादा न जा कर सिर्फ यही आपको बताना चाहता हूं कि देश में शिक्षित बेरोजगारों की अपेक्षा अशिक्षित बेरोज-गार तिगुने हैं । जब उन के कन्धों पर कोई जिम्मेदारी नहीं, कोई भार नही, तो वे ठाले बैठे क्या करें ? उन के अन्दर अनु-शासनहीनता की भावना पैदा होगी । कोई काम वे लोग नहीं कर सकते । उन को न कोई रोजगार दिया गया, न उनके लिये और कुछ किया गया । बातें बहुत की गई कि शिक्षा में सुधार कर रहे हैं, शिक्षा को जाबओरियन्टड बना रहे हैं बड़ बड़े परिवर्तन की बात कहीं गई, लकिन केवल एक परिवर्तन किया गया कि पहले मैट्रिक पास कर के विद्यार्थी दफतरों के चक्कर काटते थे आज वे एम० ए० की डिग्री लेकर दफतरों के चक्कर काटते हैं । आपात काल के पहले श्री जय प्रकाश नारायण ने जब क्रान्ति का आह्वान किया तो बहुत सारे विद्यार्थी कालेज और यूनी-वर्सिटी की पढ़ाई छोड़ कर उसके अन्दर आये क्योंकि वे जानते थे कि इस पढ़ाई का कोई मतलब नहीं है । इस पढ़ाई को

पूरा करने के बाद हमें अपने पेट की भूख मिटाने के लिये रोटी के स्थान पर पुलिस की गोली खानी पड़ेगी। यह वे जानते थे--इसलिये उन्होंने इस क्रान्ति के आन्दोलन में कालिजों को छोड़ कर भाग लिया। उन्होंने शिक्षा को जरुरी नहीं समझा, बल्कि इस देश की परिस्थिति और इस देश की काया को बदलना जरूरी समझा। उन्होंने अपने मन में संकल्प किया और फिर इस सरकार का तख्ता पलट दिया।

विश्वविद्यालयों में जो भ्रष्टाचार है, उस के संबंध में मैं निवेदन करूंगा कि आपातकाल के अंदर विश्वविद्यालय में विद्यार्थी नहीं पढ़ते थे बल्कि आधे विद्यार्थी और आधे पुलिस के सिपाही और सी० आई० डी० के लोग कलास में जाकर बैठा करते थे। राजस्थान विश्वविद्यालय का मैं उदाहरण देता हूं जिस समय मैं जेल से छूट कर गया और मेरे साथी छूट कर गये तो उन्होंने बताया कि जिस कलास में भी जाते थे, उस में अधिक से अधिक पुलिस और सी० आई० डी० के लोग बैठे रहते थे लडकों के बीच पुलिस घूमती रहती थी। वहां पर नियुक्तियों में धांधली होती थी। लडकों को एडमीशन नहीं दिये गये और ऐसे गुण्डों को विश्वविद्यालय के नियम तोड़ कर एडमीशन दिये गये जो विद्यार्थी नहीं थे। वाइस चान्सलर ने उन को इस लिये प्रवेश दिया ताकि वे वहां दादागीरी का आतंक फैला कर रखे और विद्यार्थीयों को सही चीज के लिये बोलने न दें।

आपात्तकाल का एक और उदाहरण देता हूं संजय गांधी राजस्थान विश्व विद्यालय में जाने को थे। उन का भाषण वहां पर रखा गया, तो वाइस चांस्लर के पास छात्र गये और उन्होंने कहा कि पहले हम और मांगें लेकर आप के पास आते थे इस समय एक ही मांग ले कर आये हैं कि राजस्थान विश्वविद्यालय या और विश्वविद्यालयों का यह नियम है कि कोई व्यक्ति पहले कालिज में पढ़ने के लिये जाय और फिर विश्वविद्यालय में आये। क्योंकि संजय गांधी पहले किसी कालिज में नहीं गये है इसलिये हम उन को इस विश्व विद्यालय में नहीं आने देगें तो राजनीति का दखल विश्वविद्यालय, में इतना अधिक रखा गया था कि एकेडेमिक प्वाइन्ट आफ व्यू वहां कोई काम नहीं होता था। योग्य व्यक्ति वहां से हटा दिये गये और राजनीति से प्रेरित लोगों को वहां जगह दी गई।

साक्षरता अभियान का नाम लेकर करोड़ों रुपया बरबाद किया गया। यह राजस्थान की बात मैं कह रहा हूं। साक्षरता अभियान में एक व्यक्ति को साक्षर बनाने के लिये उस को क,ख,ग,घ सिखाने के लिये एक हजार रुपय खर्च किया गया और वह व्यक्ति नाम लिखना भी नहीं सीख सका। तो यह अव्यवस्थायें रही हैं, जो राजनीति से प्रेरित थीं। इसलिये मेरा निश्चित मत है और मैं सरकार से मांग करता हूं कि पिछली सरकार ने जिस प्रकार से राजनीतिक हस्तक्षेप किया है और जो धान्धलियां विश्वविद्यालय में की हैं, उन धांधलियों को खत्म करें। पिछली सरकार न विश्व विद्यालयों में अपने एजेन्टों को वाइस चांस्लर बना कर बैठा रखा था, जो पढ़ाई का काम नहीं देखते थे, बल्कि यह देखते थे कि कौन विद्यार्थी सरकार के खिलाफ बोलता है, किस विद्यार्थी को मीसा में बन्द करवाया जाये, किस को यूनिवर्सिटी से निकलवाया जाय इस का ध्यान रखते थे, न कि शिक्षा का स्टैण्डर्ड कैसे ऊंचा उठाया जाये।

श्री डी० जी० गवई (बुलडाना) : माननीय सभापति महोदय, शिक्षा मंत्रालय ने शिक्षण के उच्च माध्यम के हिसाब से जो प्रस्ताव रखे हैं, उन का मैं समर्थन

[श्री डो० जी० गवई]

करता हूं अब तक हमारे बहुत से सदस्यों ने यह बलताया कि शिक्षा कैसी होनी चाहिये उस का माध्यम कितना ऊंचा होना चाहिये। लेकिन असलियत यह है कि हमारे ग्रामों में जो शिक्षक हैं जिन के द्वारा हमारे समाज का परिवंतन होता है, जो बच्चों को पढ़ाते हैं उन के अन्तः करण में, हृदय में राष्ट्र प्रेम की भावना जगाते हैं, उस की नस-नस में, हड्डी-हड्डी में अच्छे संस्कारों की मोहर लगाते हैं, उन के बारे में किसी सदस्य न कोई सवाल नहीं उठाया इस लिये मैं शिक्षा मंत्री जी का ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहता हूं इन शिक्षकों के निवास के लिये ग्रामों में कोई व्यवस्था नहीं है उन को रहने के लिये घर नहीं मिलता है। इस तरह की तकलीफ ज्यादातर हमारे शेडयूल्ड कास्टस के शिक्षकों को है। जब वे खेड़े में बच्चों को पढ़ाने के लिये जाते हैं तो वहां उन को घर नहीं मिलता है। कोई भी सवर्ण आदमी उन को रहने के लिये घर नहीं देता है। मेरा सुझाव है कि आप के शिक्षण-व्यवस्था के बजट में उन के घरों के लिये प्राबीजन होना चाहिये सरकार की ओर से उन लोगों के लिये मकान बनाये जाये।

दूसरी बात यहां बहुत सारे सवाल उठाये जाते हैं कोई कहता है कि ऐसा होना चाहिये कोई कहता हैं कि वैसा होना चाहिये। कई सदस्यो ने कहा कि अंग्रेजी बंद होनी चाहिये, किसी ने कहा कि त्रि शिक्षण पद्धति बंद होनी चाहिये। मैं यह कहूंगा कि अंग्रेजी एक ऐसा माध्यम है—शिक्षण की दृष्टि से—जिस को हर समाज के साथ जोड़ा जा सकता है। हिंदी हमारी राष्ट्र भाषा है। मैं स्वंय महाराष्ट्रीयन हूं, हमारी मातृभाषा मराठी है, म यह कहूंगा कि मराठी के साथ हिन्दी को भी शामिल करना चाहिये, हिन्दी भी हमारा माध्यम हो, क्योंकि इस सदन में हिन्दी में बोलने का हमें अवसर मिले तो हम हिन्दी में बोल सकें। लेकिन इन दोनों के साथ अंग्रेजी को भी पढ़ाया जाना चाहिये, क्योंकि अंग्रेजी के बिना हमारा काम नहीं चल सकेगा। जितने भी हमारेबड़े-बड़े नेता हुए हैं अगर अंग्रेजी न होती तो डा० अम्बेदकर न होते, महात्मा फूल न होते, लोकमान्य तिलक न होते, महात्मा गांधी न होते, अंग्रेजी के माध्यम से ही वे सब हुए हैं। इसके बावजूद भी मैं यह कहता हूं कि हमारा हिन्दुस्तान पाश्चात्य राष्ट्रों के मुकाबले में कम से कम 250 साल पीछे है। क्यों पीछे है? इसलिये पीछे है कि हमने अपनी शिक्षण पद्धति के बारे में ठीक ढंग से विचार नहीं किया कि इसमे क्या-क्या सुधार होना चाहिए। हमारे गांव में आज भी जाचीयता का सवाल उठाया जाता है। मैं यह कहूंगा कि हमारा शिक्षण क्षेत्र इतनाप विव क्षेत्र है इतना विशाल क्षेत्र कि वहां पर धर्म-निरपेक्षता होनी चाहिए। उससे इस देश में जातिरहित समाज व्यवस्था का निर्माण होगा। इस तरह की व्यवस्था से इस देश का सही ढंग से कल्याण होगा। मेरे पास एक लेटर आया हैं, यह लैटर पूना से आया हैं कि एक देहात में एक शडयूल्ड कास्ट के शिक्षक का मर्डर कर दिया गया। लेकिन इस ओर कोई नहीं देखता। दिल्ली में एक दो दिन पहले संजय गांधी को हवाई अड्डे पर रोका गया था इस बात को हमारे महाराष्ट्र के मित्र श्री साठे जी ने पार्लियामेंट में एक सवाल खडा कर दिया। इसे कोई नहीं देखता कि हरिजन शिक्षकों के साथ अन्याय हो रहे हैं ऊनका मर्डर हो रहा है। इसके बारे में श्री साठे जी ने इस सदन में प्रश्न नहीं पूछे। मैं अपने मंत्री जी से विनती करूंगा कि वे हरिजनों की समस्याओं की ओर ध्यान दें और इस बात की व्यवस्था करें कि ग्रामीण इलाकों में जो शिक्षक काम करने के लिये जाते है उनके मकान की वहां व्यवस्था हो।

दूसरी बात यह है कि बहुत सी निजी शिक्षण संस्थाएं चलती है। ऐसी संस्थाओं को

छोड़ दीजिये जैसी कि हमारे महाराष्ट्र में कर्मवीर भाऊराव पाटिल शिक्षण संस्था है । लेकिन जो धर्म वाले शिक्षण संस्था बनाते है, कोई धर्म का नाम लेकर चलाते है, कोई भगवान का नाम लेकर चलाते है, उनमें बहुत गन्दा शिक्षण चलता है, बहुत गन्दी पढ़ाई होती है । उन शिक्षण सस्थाओं में शिक्षक के रूप में ऐसे बेकार लोगों को रख लिया जाता है—जैसे कि अभी एक माननीय सदस्य ने कहा था कि शिक्षा हमारे देश में एक कारखाना बन गयी है जिससे हर साल बहुत से लोग बाहर निकल कर प्राब्लम खड़ी करते है, इससे बेकारी बढ़ती है, शिक्षित बेकारी बढ़ती है, ये शिक्षित बेकार आज बहुत ज्यादा तादाद में घूमते मिलते है—इन्हीं में से बेकार लोगों को इन प्राइवेट शिक्षण संस्थाओं में शिक्षक के तौर पर रख लिया जाता है और उनसे रशीद पर तीन सौ, साढ़े तीन सौ रुपये पर दस्तखत करा लिये जाते है और उन्हें सौ रुपया महीने का दिया जाता है । शेड्यूल्ड कास्ट के लोगों को जो फेलोशिप मिलता है उसमें से भी ये संस्थाए चालीस परसेंट ले लेती है । मंत्री जी इस तर . ध्यान दें औ : ऐसी जो भ्रष्ट शिक्षण संस्थाए है उनको बन्द करें या उन को सरकार चलाये । मैं इन पैसे खाने वालों को मुर्दे के उपर का कफन बेचने वाला मानता हूं ।

एक बात मैं कहूंगा कि शिक्षा के क्षेत्र में महात्मा गांधी के विचारों की प्रस्थापना होनी चाहिए । शिक्षा एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है इसमें हमें ऊंचे आदर्शों की स्थापना करनी चाहिए । यह ठीक है कि बच्चे में जो संस्कार पड़ते है वे खाली स्कूल से नहीं पड़ सकते । इसके लिए घरों में मां-बापों को भी बहुत कुछ करना है । अपने बच्चों के लिए मां-बाप की भी पूरी जिम्मेदारी है ।

अभी शिक्षा में पोलिटिक्स के बारे में कहा गया । मैं कहता हू कि पोलिटिक्स को शिक्षा के क्षेत्र से बाहर रखा जाए । प्राध्यापकों और विद्यार्थियों पर पोलिटिक्स में भाग लेने का बन्धन होना चाहिए । अगर वे पालिटिक्स में आयें तो शिक्षा खत्म । प्राध्यापक तो फिर पोलिटिक्स में ही लगा रहेगा, वह पढ़ाना छोड़ देगा ।

एक बात और जो कि मैं महाराष्ट्र की दृष्टि से कहना चाहता हू । महाराष्ट्र में जिला परिषद प्रशासन में शिक्षण का सारा कारोबार आता है । एक जिला परिषद में 12, 13, 14 पंचायत समितियां होती हैं । पंचायत समितियों में जो सभापति होता है, उप सभापति होता है या सदस्य होते है वे शिक्षकों को निजी नौकर की तरह रखते हैं निजी नौकर की तरह से उनके साथ व्यवहार करते है, बरताव करते है और पालिटिक्स में अपने स्वार्थों की सिद्धि के लिए उनका उपयोग करते हैं । हैड मास्टरों और दूसरे शिक्षकों से अपने काम करवाते है । इसका नतीजा यह होता है कि वे शिक्षा देने का काम ठीक से नहीं कर पाते है, उसकी उपेक्षा क ते हैं । जिस काम के लिए उन्हें रखा जाता है वह काम उन से न करवा कर निजी काम उनसे करवाए जाते हैं । इस और आपको ध्यान देना होगा । शिक्षा का क्षेत्र पालिटिक्स से मुक्त रहना चाहिए । अंग्रेजी वहां पर पढ़ाई जानी चाहिए लेकिन उसके साथ हिन्दी भी अनिवार्य रूप से पढ़ाई जानी चाहिये क्योंकि यह हमारी राष्ट्र भाषा है । जब तक सभी लोग हिन्दी न पढ़ें वे आपस में बातचीत नहीं कर सकेंगे, विचारों का आदान प्रदान नहीं कर सकेंगे । मेरा यह दुर्भाग्य है कि मैं हिन्दी नहीं पढ़ा इसलिए मैं जो हिन्दी बोल रहा हूं उसमें थोड़ी बहुत गलतियां होंगी । मेरी मातृ भाषा मराठी है । मैं समझता हूं कि हिन्दी कम्पलसरी होनी चाहिये । मैं ने आपको शुरू में कहा था कि मैं आपको घंटी बजाने का मौका नहीं दूंगा । लेकिन आपने घंटी बजा दी है । मैं समाप्त करता हूं और अन्त में यही कहना चाहता हूं कि शिक्षकों के लिए मकान की, रहने के लिए हाउस की व्यवस्था की जानी चाहिये ।

SHRI DHIRENDRANATH BASU (Katwa): Sir, the otherday there was a lot of discussion on adult education on a motion moved by Shri Chandrappan. While replying, the minister said that the implementation of the suggestions would require Rs. 25000 crores which is not possible for the government to do. I would therefore suggest to Dr. Chunder, who is an educationist of high repute and who is known throughout India for a long time that adult education be expanded through corporation and Municipal schools, primary schools, industries, Social organisations, factories, mines, etc. I have seen in western countries like UK, USA and Canada and also in USSR that many workers, gentlemen and ladies, assemble in the evening and study in the institutes and factory premises. There are schools and colleges there and the authorities of those institutions impart education to them almost free of charge. Some nominal allowance is given to those who impart the education. In a tractor factory in Moscow, which is perhaps the largest in the world, which although modernised employs about 22,000 workmen, imparts education to the workmen in the evening through schools located in the factory premises. The management impart education through their staff, who are paid an extra allowance for that.

In the Calcutta Corporation, when I was Chairman of the Standing Education Committee, I started about 100 adult education centres. At least 90 to 100 adult students go to each centre almost daily, with the result that I have been able to impart education to about 8000 adults. I have also seen in several factories in Liverpool, Rochester, Chatham, and other places in U.K. the workmen assembling and studying in the factory premises. The problem of adult education is not only in India, but in other countries also. However, our problem is no doubt vast. The problem is there in Western countries like UK and USA. I have seen in different States like Cleveland, Maryland, Pittsburg and Chicago. There are adult education centres. There are also problems of this sort although the magnitude of our problem is vast. I would suggest that this adult education scheme be expanded—this scheme should not be abandoned—through the medium of these institutions, corporation and municipal schools, primary schools and through different factories and industries where there are institutes and classes. I would request the hon. Minister to consult the Minister of Industries and other Ministers concerned and ask them to circularise to the different units to impart adult education to the workmen there. This will help to a great extent in solving the problem of illiteracy.

Our hon. Minister was afraid as to how he could spend Rs. 2,500 crores. I agree with him that it is not possible for the Government to do so. But I would request him to provide in the Budget an additional sum of Rs. 25 crores to impart adult education through the medium of these organisations and through voluntary organisations. This he can do certainly. He could persuade the Finance Minister to finance. With these words, I would request the hon. Education Minister to consider my proposal and give it effect to.

SHRI R. MOHANARANGAM (Chengalpattu): Mr. Chairman, Sir, I am really very glad for the opportunity being given to me to express some of my feelings on this subject. So many members have expressed their opinions on the subject for the past six hours. As far as my portion is concerned, I have to say that the amount allotted for this is not so sufficient considering the fact that we are spending crores and crores of rupees for purposes like police and defence. Education is the backbone of our country. But the amount allotted for this is not sufficient.

I would like to say something about primary education. So many members

have spoken about primary education. As the Chairman of one of the Municipalities of Tamil Nadu and a Senate Member of the Madras University, I can tell you something here. Almost all the schools in Municipalities are controlled by the Municipalities. We are not in a position to construct even small houses for the schools. In each and every school, hundreds of students are studying. If we ask the State Government to give so much of grant for the construction of buildings for accommodating the students, they say we have not got sufficient funds and we are expecting funds from the Centre. When such is the position in Madras State, I personally believe, that the same will be the case in the entire country. If that is the state of affairs, I would request the concerned authorities to allot more and more funds for the development and improvement of education. There is a lack of determination and will to improve the educational system of our country.

I have been reading the various speeches delivered in the past 20 to 25 years during the budget debates.

The same type of speeches are delivered over the years. If that be the case, I do not know how we are going to improve our educational system.

I understand that nearly 30 per cent of our people are considered to be literate. Here I should say that of persons who are able to put their signatures alone are also considered to be literate. More than 60 per cent of the people are unable to read even any one of the Indian languages.

The framers of the Indian Constitution wanted to give much importance to primary education. In fact, they wanted to give compulsory education to the children in the age group of 6 to 14. In my constituency, when I had been there just to ask their votes, I asked a number of persons there "What are you doing?" They replied "I am not studying. I am just looking after my cattle." That is the position of small boys between the ages of 6 and 14. If that is so, how are we going to fulfil the aspirations and ambitions of the founding fathers of the Constitution? The percentage of literacy among our women is only 18. If you exclude those who can only write their names, the actual literacy percentage among women will be only 9 to 10, not more.

Coming to sports education, most of the villages have schools without playgrounds. Such a negligence in the primary schools will only lead to our poor performance in international forums.

Coming to the language issue, so many persons have talked against English. They say that the regional languages should be given importance. I would like to ask a sensitive question. I come from deep south and my mother tongue is Telugu. I have studied Tamil and I am speaking in English. I can speak in very good Tamil, but most of the members will not understand what I say. Even the interpreter will not be able to interpret it perfectly into English or Hindi. Some say that English should be removed. What is the alternative? Is English to be replaced by Telugu, Tamil, Malayalam or any other language? Which language can replace English? Can Hindi replace it? We will not accept it. You have accepted Anglo-Indians as one of the communities of our country and their mother-tongue is English. Why not accept English as the national language of our country? English is also an international language. It can be the sole official language for the whole nation. When you accept a particular language as the sole official language, the advantages and disadvantages have to be equally distributed among the people. The people of Tamilnadu have to read not only Tamil but also Hindi to get employment. In addition, a man like me has to learn his mother-tongue, i.e. Telugu. Therefore, I am

[Shri R. Mohanarangam]

forced to read three languages whereas a person who knows Hindi only can go throughout the length and breadth of the country. If I read only Tamil, can I travel throughout the nation? In the Parliament House post office, everything is written in Hindi. In the post offices in Tamilnadu, will you allow the notices to be in Tamil? In the post offices in other States, will you allow it to been the regional language of that State? You will not agree to that being done in the Central Government offices. You will say, it should be only in English and Hindi. My language—Tamil is a hoary language which was born before the birth of the sands and stones of the world. It is a very ancient language and our sermons and scriptures are written in that language. I am not asking for that particular language to be the sole official language. Hindi is a language hardly 200 years old. It was started by a few persons on the banks of the Ganges. How can we accept that to be the sole official language? Our party is going up in Tamilnadu because we are fighting for Tamil and other parties which are fighting for Hindi are going down. Unless and until the langauge problem is solved to the satisfaction of all, we are not going to have unification of the country. You may ask, what is the solution? But my answer to that is, do you mean to say that we are the last generation of this world? Why should we decide the langauge issue now? We are not the last generation? Let us leave the problem to posterity. We are not the proper authority to decide it. Thare are so many other more important things to be decided by us like the welfare of the people, education of the people, economic development of the country, starting industries all over the country and so on. Let us attend to these things. I find that persons who are experts in English are speaking in Hindi here. When they say something in Hindi, others laugh, but I am not able to understand it. If such is the case, I may tell you that this is a very sensitive question and unless and until this particular problem is solved, we, Tamilians, will not work for the development and the unification of the country, I may also tell you that the langaug- problem will definitely lead to bad consequences. So I request our Chairman to request our hon. Education Minister to allot more funds for constructing buildings not only in Delhi circle not only in North India, but also throughout the country.

SHRI NIHAR LASKAR (Karimganj): The Education Minister is not a Hindi man.

SHRI R. MOHANARANGAM: I am not aware of which State he belongs to. I belong to a constituency which is situated in Tamil Nadu. I find that in the Central Schools they are not allowing admission to anybody except the children of Government employees. I would request the Education Minister to ensure that the children of other members of the public are also allowed admission in these Central Schools.

Finally, I would say one thing. If at all we want to improve the education system in our country, more funds should be allotted for that.

श्री राजे विश्वेश्वर राव (चन्द्रपुर) : सभापति महोदय, देश में, और खास तौर से महाराष्ट्र में, सोशल वैलफेयर पर जो खर्चा हो रहा है, उस के बारे में मैं कुछ बातें आपके सामने रखना चाहता हूं ।

महाराष्ट्र में सोशल वैलफ़ेयर और ट्राइबल वैलफ़ेयर का काम अलग अलग था । लेकिन जब से यह सब काम सोशल वैलफ़ेयर विभाग के द्वारा होने लगा है, तब से बहुत सा पैसा आदिवासियों तक नहीं पहुंच पा रहा है । जब तक सोशल वैलफ़ेयर और ट्राइबल वैलफ़ेयर के काम को अलग नहीं किया जाता है, तब तक आदिवासी लोग ऊपर नहीं उठ सकेंगे । केन्द्र और राज्यों में ट्राइबल वेलफ़ेयर के नये विभाग खोले जाने चाहिए, ताकि खास तौर से

आदिवासियों के कल्याण की ओर ज्यादा तवज्जह दी जा सके । इसके अतिरिक्त केन्द्र और राज्यों दोनों जगहों में ट्राइबल्ज का ही कोई व्यक्ति मिनिस्टर बनाया जाना चाहिए, ताकि इस महकमे का काम अच्छी तरह चल सके ।

ट्राइबल वैलफेयर के सम्बन्ध में जो कर्मचारी काम करने के लिए जाते हैं, वे दूसरे समाज के होते हैं, वे शहरों के रहने वाले पढ़े-लिखे लोग होते हैं । वे आदिवासियों में मिक्स नहीं होते हैं और इसलिए हर से दूर होते हैं । इस कारण वे हमारी समस्याओं को समझ नहीं पाते हैं और हमारे काम अच्छी तरह नहीं होते हैं । इसलिए अगर आदिवासी कार्यकर्ताओं और संस्थाओं के माध्यम से यह काम किया जाए, तो काम निश्चित ही अच्छी तरह से हो सकेगा ।

जहां तक प्राहिबिशन का सवाल है, जब तक आदिवासियों के बीच में प्राहिबिशन नहीं लागू किया जाता है, तब तक चाहे जितना भी पैसा लगाया जाये, उससे आदिवासियों को कोई लाभ नहीं होगा या उनको उसको पूरी मदद नहीं मिल सकती क्योंकि जो भी पैसा उनको सरकार की ओर से मिलता है या मदद मिलती है वह सब वे अपने पीने में ही उड़ा देते हैं । इसलिए सब से अच्छा यह होता कि ट्राइबल एरिया में प्राहिबिशन सब से पहले शुरू किया जाता ताकि वहां पर यह धांधली न होती कि पैसा जो उनके पास जाता है स्टेट की ओर से वह इस तरह व्यर्थ जाये । आज वह पैसा उनकी झोपड़ी के अन्दर नहीं जाता है, झोपड़ी तक तो जाता है, उसके अन्दर नहीं जाता, बाहर ही बाहर चला जाता है । इसका हमें बहुत दुख है ।

ट्राइबल एरिया के अन्दर कम्युनिकेशन बिलकुल नहीं है । सब से पहले कम्युनिकेशन की वहां जरूरत है । अगर आप सचमुच में चाहते हैं कि आदिवासी लोग सुधरें, वे दूसरे लोगों के साथ बराबरी में आएं तो कम्युनिकेशन सब से जरूरी उनके लिए है । उसके बाद आप देखेंगे कि बाकी लोगों के साथ मेल मिलाप उन का होगा और उससे वे लोग सुधरेंगे । कम्युनिकेशन हो, सड़कें हों और उसके साथ साथ आल वेदर पुल हो ताकि बरसात के दिनों में भी वे लोग अड़े न रह जायें, इस की भी खबरदारी सरकार को करनी चाहिए ।

दूसरी बात है शिक्षा । हमारे आदिवासी क्षेत्रों में शिक्षा निल है । आप देखेंगे कि हर गांव में स्कूल हैं । स्कूल तो हर जगह हैं लेकिन मास्टर एक भी नहीं है । मैं इस तरह कहता हूं तो आप लोग ताज्जुब करेंगे कि मैं क्या कह रहा हूं लेकिन बात सच है । मास्टर आदिवासी क्षेत्रों में जो भेजे जाते हैं वह शहरों के होते हैं । जिला परिषद् की ओर से शिक्षण का काम वहां चलाया जाता है । सारे स्कूल वहां पर जिला परिषद् के हैं । जो मास्टर वहां पर जिला परिषद् की ओर से भेजे जाते हैं वे वही होते है जो जिला परिषद् के अध्यक्ष के पिट्ठू होते हैं । वे सिर्फ उनकी भाटगिरी करने वाले होते हैं और वहां पर वे केवल उनका प्रचार करते रहते हैं । जिस काम के लिए वे भेजे जाते है वह काम वे नहीं करते हैं ।

मैं एक उदाहरण दूं । एक नये लड़के को वहां अप्वाइंटमैंट दिया गया । लेकिन वह वहां पर पहुंच ही नहीं पाया । बीच में एक बड़ी नदी पार करने का मौका आया । वह बड़ी नदी देखते ही वह वहां से वापस भाग गया । वह अपाइन्टमैंट के लिए गांव तक नहीं पहुंचा । हमारे उन आदिवासी क्षेत्रों में बड़े बड़े नाले और नदियां पड़ती हैं, बड़े बड़े जंगल पड़ते हैं । अब उन्होंने जंगल कभी देखा नहीं, नदियां और नाले इस तरह के कभी देखे नहीं, और उनको वहां भेजा जाता है तो वे वहां जाने से घबड़ाते हैं और जाते हैं तो वे वहां रह नहीं सकते । वे वहां की भाषा नहीं समझते । वहां के बच्चे उनसे कुछ सीखना नहीं चाहते । क्योंकि वे सिखा नहीं

[श्री राजे विश्वेश्वर राव]

नहीं सकते इसलिए बच्चे भी वहां नहीं आते और अक्सर ऐसा होता है कि एक मास्टर और एक बच्चा दोनों बैठे होते हैं और एक दूसरे का मुंह देखते रहते हैं। कभी कभी तो एक भी बच्चा नहीं होता। इस तरह से वहां के स्कूलों में पढ़ाई होती है। कभी कभी ऐसा होता है कि मास्टर साहब महीना खत्म होने के एक या दो दिन पहले आते हैं और पूरे महीने भर के विद्यार्थियों के नाम रजिस्टर में भर देते हैं। कुछ लड़कों को प्रेजेंट दिखा देते हैं, कुछ को ऐबसेंट दिखा देते हैं और महीने भर की तनख्वाह लेकर अपने गांव मे जाकर बैठ जाते हैं। फिर दूसरे महीने के आखिर में फिर मे आते हैं। इस प्रकार से हमारे यहां शिक्षण का काम होता रहा है।

वर्कस की कहानी मैं बता दूं कि हमारे वहां जिला परिषद् के जो अध्यक्ष थे उन्होंने क्या किया कि तेलगू जानने वाले तेलगू भाषा में जो लड़के मैट्रिक में पास हुए वे उनके कार्यकर्ताओं के बच्चे होने के नाते उन्होंने उनको मास्टरों की नौकरी दी और उनको हमारे आदिवासी क्षेत्रों में 10 वर्षों तक भेजा और उनको वहां मराठी भाषा में पढ़ाने के लिए भेजा। अब आप सोचिए कि जो तेलगू भाषा में पास किए हुए लोग हैं वे मराठी भाषा मे किस तरह पढ़ा सकते हैं ? यह बात मेरी समझ में नहीं आती। लेकिन इस तरह से यह होता रहा। अब आप बतलाइये—इन परिस्थितियों में हमारे आदिवासी जो आज तक इतने पिछड़े हुए हैं, वे कैसे आगे बढ़ सकते हैं ?

एक चीज मैं और कहना चाहता हूं—हम हरिजनों का नाम रोज सुनते आ रहे हैं, लेकिन अब हरिजन इतना पिछड़ा नहीं रहा, जितना पहले था। यह ठीक है कि हरिजन अभी भी बाकी दूसरों के मुकाबले में पिछड़ा है। वे अगर बाकी लोगों से 100 साल पीछे हैं तो हमारे आदिवासी बाकी लोगों से 1000 साल पीछे हैं। इसलिये मैं चाहता हूं कि आदिवासियों की तरफ़ ज्यादा ध्यान देना चाहिये। अगर सरकार ने इनकी तरफ़ ध्यान नहीं दिया तो न जाने कितने सालों तक ये और ज्यादा पिछड़ जायेंगे।

हमारे शिक्षा मन्त्री जी शिक्षा के अतिरिक्त सोशल वेलफेअर के भी मन्त्री हैं। मेरा सुझाव है कि इस महकमे को अलग किया जाये। जब तक यह महकमा अलग नहीं होगा हम बहुत ज्यादा परिवर्तन की आशा नहीं कर सकते हैं। पिछले 30 वर्षों में हमने देखा कि शिक्षण के क्षेत्र में हरिजनों में कई डाक्टर बन चुके हैं, कई वकील बन चुके हैं, कई बड़े-बड़े सरकारी आफिसर्ज बन चुके हैं, लेकिन मैं पूछना चाहता हूं—आदिवासियों में से हमारे महाराष्ट्र मे कितने डाक्टर बने हैं, कितने वकील बने हैं, कितने ऐसे हैं जो बड़े-बड़े स्थानों पर जाकर बैठे हैं, अफसर बने हैं ? एक भी नहीं बन पाये है। इसलिये हमको दुख होता है —30 वर्षों में कांग्रेस के राज्य में हमारे यहां आदिवासियों में कोई फर्क नही पड़ा।

मैं आशा करता हूं कि आज जो जनता पार्टी की सरकार आई है, वह इन आदिवासियों के लिये कुछ करेगी, उनकी तरक्की होगी, उनकी तरफ़ ज्यादा ध्यान दिया जायेगा। इतनी ही आशा करते हुए मैं अपना भाषण समाप्त करता हूं।

श्री शम्भू नाथ चतुर्वेदी (आगरा) : सभापति महोदय, किसी वृक्ष की उपयोगिता किसी वृक्ष का मूल्यांकन हम उसके फलों से करते हैं। इस दृष्टि से देखा जाये तो शिक्षा के क्षेत्र में हमें सर्वथा निराशा ही मिली है। प्राइमरी शिक्षा से लेकर यूनिवर्सिटी शिक्षा तक आज जो दुर्दशा है, वह बड़ी दुखदायी है। प्राइमरी शिक्षा की यह हालत है, जैसा अभी एक माननीय सदस्य कह रहे थे कि वहां जो शिक्षक हैं, वे अधिकांश अपनी जगह पर काम

पर नहीं आते हैं, केवल तनख्वाह लेने आते हैं। हाजरी भरने के बाद वे वहां से गायब हो जाते हैं, अपने घर के धंधे करते हैं। बहुत कम ऐसे शिक्षक हैं जो समय से आते हैं और बच्चों को पढ़ाते हैं। इसका कारण यह है कि जो जिला परिषद् के शिक्षक हैं वे ज्यादातर पोलिटिक्स में काम करते हैं, उनका चुनावों में उपयोग होता है, इसलिये खास-खास आदिमियों को फेवरिट समझा जाता है, उसी तरह से उन की नियुक्तियां होती हैं। जब परीक्षा होती है तो एच० डी० आई० जिले से जाता है और 10 रुपये में पांचवीं क्लास का सर्टिफिकेट मिल जाता है, चाहे वह लड़का कुछ जानता हो या न जानता हो, लेकिन इस तरह से वह 6ठे दर्जे में भरती के लिये योग्य समझा जाता है। यह तो हमारी प्राइमरी शिक्षा की हालत है। उसके बाद हायर सेकेण्डरी के बारे में यह मांग होती रहती है कि उसे नेशनेलाइज्ड किया जाए। इसकी तरफ बहुत कुछ कदम बढ़ाये भी जा चुके हैं। मैं समझता हूं कि प्राइवेट मैनेजमैंट के लोगों में जिस भ्रष्टाचार की बात की जाती है, उससे कम भ्रष्टाचार हमारे डिस्ट्रिक्ट इंसपेक्टर आफ स्कूल्स में नहीं है, बल्कि ज्यादा ही है। किसी भी शिक्षक की नियुक्ति का अनुमोदन इंसपेक्टर आफ स्कूल्स के यहां से होता है। वह अनुमोदन तब तक नहीं होता जब तक कि वहां पैसा नहीं दिया जाता। इस सम्बन्ध में अगर किसी भ्रष्ट या अयोग्य अध्यापक या कर्मचारी के खिलाफ शिकायत की जाती है तो जो लोग कार्यवाही करने वाले होते हैं, उनके पास पैसा पहुंच जाता है और इस तरह से अयोग्य और भ्रष्ट लोगों को निकालने में कोई मदद नहीं मिलती। बल्कि संरक्षण ही मिलता है। कागज का काम इतना बढ़ गया है कि जिसका कोई ठिकाना नहीं। इससे शिक्षा प्रायः नष्ट होती जा रही है।

आजकल प्राइवेट मैनेजमैंट की भी बड़ी दुर्दशा है। यह ठीक है कि शिक्षकों को सेलेरी डायरेक्ट मिले लेकिन जितनी फीस से आमदनी होती है, उसका 85 परसेंट सरकार ले लेती है और वह टीचर सैलरी अकाऊंट में जमा कर देती है। अब केवल 15 परसेंट फीस संस्था के पास बचती है जिससे बिल्डिंग का रख-रखाव करना है, सफाई आदि करवानी है। लेबोरेटरीज के उपकरण, साइन्स के सामान जो हैं वे भी इस तरह से उपलब्ध नहीं हो पाते। इसका नतीजा यह होता है कि शिक्षा का स्तर दिन-प्रतिदिन गिरता जाता है।

पहले जब नौरमल स्कूलों में आठवीं तक शिक्षा दी जाती थी तो बच्चा हिन्दी के माध्यम से पढ़ता था और आठवीं के बाद वह कोई काम करने में दक्ष हो जाता था। यह ठीक है कि वह अंग्रेजी नहीं जानता था। वह अंग्रेजी को छोड़ कर अन्य सब विषयों में दक्ष होता था। आजकल आठवीं कक्षा का बच्चा न हिन्दी में दक्ष होता है, न अर्थमेटिक्स में दक्ष होता है। इस तरह से शिक्षा का स्तर निरन्तर गिरता जा रहा है। पांचवीं, छठी कक्षा के बच्चे जब हायर सेकेण्डरी तक पहुंचते हैं और वहां से पास करके निकलते हैं तो हिन्दी और अंग्रेजी का सवाल खड़ा हो जाता है। यूनिवर्सिटीज में बहुत से सबजेक्ट्स हिन्दी के माध्यम से पढ़ाये जाते हैं और बहुत से सबजेक्ट्स अंग्रेजी के माध्यम से पढ़ाये जाते हैं। जो बच्चा कानून पढ़ना चाहता है उसे अंग्रेजी के माध्यम से पढ़ने में बहुत दिक्कत होती है। यूनिवर्सिटीज में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। तरह तरह के वहां फाड होते हैं। किसी विद्यार्थी को विश्वास नहीं होता कि उसकी परीक्षा में सही मूल्यांकन होगा। अगर पढ़ेगा, मेहनत करेगा उसको उसी हिसाब से मार्क्स मिलेंगे लेकिन आज बहुत बार ऐसा नहीं होता है। ऐसी ऐसी बातें होती हैं जिन को सुन कर हैरत होती है। आज यह चीज किस तरह से विश्वविद्यालयों में हो रही हैं, इसको देखने की जरूरत है। जो शिक्षा के मन्दिर हैं उन में ऐसी बातें हों तो आश्चर्य हुए बगैर नहीं रहा जा सकता है। एक एग्जेमिनी है। उसको बजाये एक सेम्टर के चार चार सैटर्स

[श्री शम्भु नाथ चतुर्वेदी]

पर बैठने को सुविधा दी जाती है। ताकि उसकी उत्तर पुस्तिकायें अपने परिचित एग्जामिनर्स के पास पहुंचे। उसको टाप क्लास मार्क्स मिल सकें। टाप क्लास मार्क्स दिलाने के लिए जान पहचान वाले के पास उसके पेपर भेजे जाते हैं। ऐसा इसलिए किया जाता है ताकि उसको बाद में ऊंचे पद पर नियुक्ति हो सके।

इस तरह की बहुत सी बातें सिनेट में, एग्जेक्यूटिव काउंसिल में होती हैं। हमारे यहां आगरा यूनिवर्सिटी में तो एक सज्जन का बहुत बोल-बाला था, लोग उन से बहुत परेशान थे लेकिन उस के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। अभी हाल में जब लोग उनके खिलाफ बहुत उत्तेजित हुए तो थोड़े दिन हुए उनकी हत्या कर दी गई। जो टीचर पालिटिशियन है सच पूछा जाए तो उसने शिक्षा का बिल्कुल नाश कर दिया है।

शिक्षा के राष्ट्रीयकरण की बात कही जाती है। मैं समझता हूं कि शिक्षा का राष्ट्रीयकरण बहुत घातक होगा। अगर हम सारे राष्ट्र को एक सांचे में ढालना चाहते हैं तो इससे मानसिक विकास रुक जाएगा, ज्यादा इससे तरक्की नहीं हो सकेगी। गांधी जी, विनोबा भावे जी ने कभी नहीं कहा कि शिक्षा का राष्ट्रीयकरण होना चाहिए। उन्होंने तो कहा था कि लेट अ हण्ड्रेड फ्लावर्स ब्लूम। जब चारों तरफ से हमारी प्रतिभाओं के ऊपर राज्य का नियन्त्रण स्थापित कर दिया जाएगा तो यह उसी तरह से होगा जैसे डिक्टेटरशिप में होता है। मैं नहीं समझता किसी भी डेमोक्रेटिक कन्ट्री के लिए यह ज्यादा हितकर हो सकता है।

शिक्षा में कन्टेंट का सवाल भी है। मन्त्री जी ने यह कहा कि बच्चों पर लोड कम होना चाहिए। प्राइमरी स्टेज पर यह जरूरी है कि हम बच्चों की उन फेकल्टीज का विकास करें जिससे ज्ञान प्राप्त होता है। इसके लिए पहले है भाषा का ज्ञान जो मात्र-भाषा ही हो सकती है। दूसरे मैथेमैटिक्स है। आजकल बहुत कोशिश हो रही है कि इसको पाठ्यक्रम में से निकाल दिया जाए। मैं समझता हूं कि मस्तिष्क के विकास के लिए, इंटेलिजेंस के डेवेलेपमैंट के लिए इससे बेहतर कोई दूसरी चीज नहीं है। तीसरे क्राफ्ट है ताकि हम अपने हाथ का सहारा ले कर क्राफ्ट के जरिये उद्योगों की तरफ बढ़ें और कामकाज भी सीख सकें और दूसरी बात यह है कि हाथ जितने दक्ष होते जाएंगे हमारी इण्टेलीजेंस भी उतनी बढ़ती जाएगी। चौथे म्यूजिक है जिससे हमारे हृदय का परिष्कार होता है, भावनाओं का परिष्कार होता है। ये चार एलीमेंट्स होने चाहिये और प्राइमरी स्टेज में ही हम को इनके लिए स्थान देने की व्यवस्था करनी चाहिये।

18.00 hrs.

सैकेण्डरी स्टेज में शिक्षा को जाब ओरिएण्टेशन की तरफ हमें मोड़ना होगा। अगर लैंगुएज में दक्षता नहीं आई, अगर हमने उसको थोड़ा सा मैथेमैटिक्स में डेवेलेप नहीं किया, क्राफ्ट वगैरह उसको नहीं सिखाया तो मैं समझता हूं कि आगे उसका विकास बहुत कुछ रुक जाएगा। यह चीज आठवीं या दसवीं क्लास तक आनी चाहिए। जाब ओरिएण्टेशन का सवाल उसके बाद आता है। जैसा बताया गया है और मैं भी उससे सहमत हूं कि जाब ओरिएंटेशन एकैडेमिक बल्कि प्रैक्टीकल होना चाहिए। हर इण्डस्ट्री, या जो उद्योग धंधे हैं, उनसे साथ उनका लगाव और प्रशिक्षण चाहिये। और इसी तरह से जो बड़े बड़े ट्रस्ट हैं, मठ और मन्दिर हैं जो लर्निंग और कल्चर के सेण्टर्स थे उनमें बहुत फंड्स मिल सकते हैं अगर उनका उपयोग हो और हमारी शिक्षा का विस्तार हो सकता है। मैं इतना ही कहूंगा कि हमारी शिक्षा का जो उद्देश्य है वह यह कि बालक में जो भी प्रतिभा हो उसका पूर्ण विकास हो और उसका चरित्र बने तथा इसके साथ साथ देश और समाज के प्रति

उस बालक के अन्दर कर्तव्य की भावना जागृत हो। यह दृष्टिकोण अगर होगा तभी देश में अच्छे नागरिक उत्पन्न कर सकेंगे और शिक्षा के उद्देश्य की पूर्ति हो सकेगी। केवल जोब ओरियेण्टेड एजूकेशन हो, यह एक लक्ष्य हो सकता है, लेकिन सबसे बड़ा लक्ष्य हमारा यह होना चाहिये कि अच्छे मानव और नागरिक देश में पैदा करें।

इन शब्दों के साथ में अनुदान का समर्थन करता हूं।

SHRI D. B. PATIL (Kolaba): Mr. Chairman, Sir, while offering my remarks on the Demands for education, I do not intend to go into the niceties and ultimate end of education, as time is very short at my disposal. But I want to be plain and practical so far as the presesnt system of education is concerned. I would like to know from the hon. Minister whether the present Government intend taking education to the door-steps of the socially, economically and educationally backward classes?

MR. CHAIRMAN: Mr. Patil, I think you will take more time. You continue tomorrow.

18.02 hrs.

The House stands adjourned to meet tomorrow.

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Wednesday, July 6, 1977/Asadha 15, 1899 (Saka).

GMGIPND—M—1178 LS—